हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 3 अगस्त 2024



## खबर संक्षेप

### भाजपा सरकार ने हर माह लिया 4000 करोड़ कर्ज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सभी कल्याण कारी योजनाओं को बंद करने के बाद भी सरकार कर्ज पर कर्ज ले रही है। साय सरकार ने रिजर्व बैंक से 7 माह में हर महीने औसतन 4000 करोड़ कर्ज लिया है। सरकार चलाने वालों को छह माह में ही पसीना निकल गया तथा सरकार का आर्थिक प्रबंधन गड़बड़ा गया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 5 सालों में जनता के खाते में सीधे 2 लाख करोड़ डाला था। वर्तमान सरकार ने बेरोजगारी, गोबर खरीदी, गोठान संचालन, युवा मितान क्लब सभी कुछ बंद कर दिया उसके बाद सरकार कर्ज पर कर्ज लिये जा रही है। गाईड लाईन के दरे में 30 प्रतिशत छूट घटा दिया, शराब की कीमत बढ़ा दिया, जीएसटी में जबरिया वसूली हो रही, बिजली के दाम बढ़ा दिये फिर भी सरकार का खजाना खाली हो गया है।



### बैज बोले- प्रदेश में उर्वरकों का संकट

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राज्य में मानसून की भारी बारिश के बाद पूरे प्रदेश में रोपा, बियासी का काम जोरों पर है, लेकिन सरकार की लापरवाही के कारण किसान उर्वरकों के लिए परेशान हो रहे हैं। भाजपा का डीएनए किसान विरोधी है। वह जब-जब सरकार में रहती है किसान को परेशान करने की नीयत से फैसले लेती है। भारतीय जनता पार्टी सरकार की अकर्मण्यता और संवेदनहीनता के चलते छत्तीसगढ़ के किसान खाद और बीच के लिए भटक रहे हैं। खरीफ सीजन 2024-25 के लिए जो खाद और बीज डबल लॉक के गोदामों में रखे गए हैं, वहां से सिंगल लॉक की सोसाइटियों तक पहुंचाने के लिए परिवहन की व्यवस्था नहीं है।



### अब 16 अगस्त तक हो सकेगा फसल बीमा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के ऋणी और अऋणी किसान अब 16 अगस्त तक खरीफ कृषि फसल एवं मौसम आधारित उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार के प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार ने फसल बीमा कराए जाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई को बढ़ाकर अब 16 अगस्त कर दिया है। प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से किसानों को राहत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा पुनर्गठित मौसम आधारित उद्यानिकी फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कृषि विभाग के अधिकारियों को प्रधानमंत्री फसल बीमा एवं मौसम आधारित उद्यानिकी फसलों के बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए राज्य के ऋणी एवं अऋणी किसानों को मार्गदर्शन देने तथा उनका पंजीयन कराने को कहा है, ताकि प्राकृतिक आपदा से फसल नुकसान होने पर उन्हें क्षतिपूर्ति मिल सके।



# बलौदाबाजार कांड : न्यायिक जांच आयोग ने मंगाए साक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

बलौदाबाजार में पिछले महीने सतनामी समाज की रैली प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा की जांच के लिए गठित एकल सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग ने इस मामले की जांच के लिए बिंदु तय किए हैं। इस मामले की जांच के लिए जो भी व्यक्ति, समूह या संस्था जो जानकारी रखते हैं और आयोग को जानकारी देना चाहते हैं, वे शपथपत्र के साथ आयोग के समक्ष हाजिर होकर जानकारी दे सकते हैं।

बलौदाबाजार में हिंसा की घटना की जांच के लिए राज्य सरकार ने न्यायमूर्ति सीबी वाजपेयी सेवानिवृत्त न्यायाधीश बिलासपुर हाईकोर्ट की अध्यक्षता में एकल सदस्यीय जांच दल गठित किया है। मामला ये है कि 15-16 मई की दरम्यानी रात बलौदाबाजार के ग्राम महकोनी अमरगुफा में स्थित सतनाम समाज के जैतखाम को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। इस घटना की सीबीआई जांच की मांग को लेकर सतनामी समाज के सदस्यों ने एक रैली निकालकर प्रदर्शन किया था। इस दौरान प्रदर्शनकारी उग्र हो गए तथा बलौदाबाजार जिला एसपी कार्यालय कलेक्टर कार्यालय में आग लगा दी गई थी। सैकड़ो की संख्या में वाहन जला दिए गए थे। इस मामले की जांच अब एकल सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग करेगा।



### बलौदाबाजार में होगी जांच

*न्यायिक जांच के लिए बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में आयोग कार्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर संयुक्त जिला कार्यालय के पास बनाया गया है। जो लोग आयोग घटना की जानकारी रखते हैं, वे लिखित में शपथपत्र में अपनी पहचान से संबंधित दस्तावेज जैसे आधार, मतदाता सूची, राशन कार्ड, पहचान पत्र के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। जानकारी देने के लिए अधिसूचना के साथ शपथपत्र का प्रारूप भी जारी किया गया है।*

### ये हैं जांच के बिंदु

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस मामले की न्यायिक जांच से संबंधित अधिसूचना का प्रकाशन कराया है। जांच के बिंदु इस प्रकार हैं। ग्राम महकोनी, अमर गुफा में स्थित जैतखाम को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना कैसे घटित हुई। वह कौन सी परिस्थितियां अथवा कौन से कारण थे जिनके फलस्वरूप घटना घटित हुई। उक्त घटना के लिए कौन-कौन जिम्मेदार है। घटना के पूर्व, घटना के दौरान एवं घटना के बाद ऐसे अन्य मुद्दे जो घटना से संबंधित हों। भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सुरक्षा एवं प्रशासकीय कदम उठाए जाने के संबंध में सुझाव एवं उपाय, अन्य ऐसे महत्वपूर्ण बिंदु जो जांच आयोग, शासन के संज्ञान में लाना चाहें।

### आवास एवं पर्यावरण विभाग ने सभी विभागों को आदेश जारी किया

# सौंदर्यीकरण की आड़ में पेड़ों के तनों पर पेंटिंग करने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सौदर्यीकरण की आड़ में पेड़ों के तनों पर पेंटिंग करने वालों के खिलाफ शासन ने कार्रवाई करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश आवास एवं पर्यावरण विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टर को जारी किया है। शासन द्वारा जारी आदेश के मुताबिक पेड़ों के तनों पर पेंट करने से विभिन्न प्रकार के रासायनिक पदार्थ छाल के माध्यम से अंदर चले जाते हैं और पेड़ों को नुकसान पहुंचाते हैं एवं उनकी मृत्यु होने की संभावना बनी रहती है।

- पेंट में घातक रासायनिक कैमिकल से पेड़ों का विकास रुकने के साथ मौत तक हो जाती है

गौरतलब है कि विभिन्न नगरी निकायों द्वारा पेड़ों पर पेंटिंग करने की शिकायत वन्यजीव तथा प्रकृति प्रेमी नितिन सिंघवी ने 2019 और 2021 में मुख्य सचिव से की थी। प्रकृति प्रेमी ने इस संबंध में शासन से संबंधित विभागों को उचित निर्देश जारी करने की मांग की थी। शिकायत के बाद नगरी प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगर पालिक निगमों के आयुक्तों और मुख्य न्यायपालिक अधिकारियों, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत को आदेश जारी किए थे। अन्य दूसरे विभाग को आदेश जारी नहीं किया गया। इसके कारण दूसरे विभाग सौंदर्यीकरण के नाम से पेड़ों पर पेंटिंग का कार्य कर रहे थे।




### सिरपुर महोत्सव में की गई थी पेंटिंग

गौरतलब है कि इस वर्ष 24 से 26 फरवरी को सिरपुर महोत्सव का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में साडा द्वारा सड़क के दोनों किनारे लगे 75 पेड़ों के तनों पर सौंदर्यीकरण की आड़ में पेंटिंग की गई थी। इस बात को लेकर नितिन सिंघवी ने पुनः शासन को पत्र लिखा। उसी पत्र को संज्ञान में लेते हुए आवास एवं पर्यावरण विभाग ने पेड़ों के तनों पर किसी भी प्रकार की पेंटिंग पर रोक लगाने तथा कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं।

### ग्रोथ प्रभावित होने के साथ गंभीर नुकसान

गौरतलब है कि पेड़ अपनी छाल के माध्यम से ऑक्सीजन तथा कार्बन डाइऑक्साइड गैस का आदान प्रदान करते हैं। तनों पर लगा पेंट पेड़ के छिद्रों को बाधित कर देता है। इसके कारण पेड़ की ग्रोथ होने की क्षमता बाधित होती है। पेड़ के विकास के लिए छाल का लचीलापन होना जरूरी है। पेड़ में लगा पेंट छाल को लचीलापन होने से रोकता है। साथ ही पेंट का जहरीला रसायन छालों के अंदर प्रवेश कर पेड़ की आंतरिक प्रणालियों को नुकसान पहुंचाता है। इसके कारण पेड़ के टिशु (ऊतक) और सेल (कोशिकाएं) की मृत्यु की संभावना बनी रहती है।

# रमेश बैस से मिलकर मुख्यमंत्री साय और विस अध्यक्ष रमन ने दी जन्मदिन की बधाई

सुबह से लेकर रात तक बधाई देने वालों का लगा रहा तांता



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल और रायपुर लोकसभा के सात बार के सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश बैस को शुक्रवार को उनके जन्मदिन पर बधाई देने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित कई मंत्री, विधायक और भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनके निवास पर पहुंचे। सुबह से लेकर रात तक उनको बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। रात को करीब आठ बजे श्री बैस के निवास पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहुंचे और श्री बैस को जन्मदिन की बधाई दी। इसके कुछ देर पहले ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह भी पहुंचे थे। श्री साय और डा. रमन ने एक साथ श्री बैस से मुलाकात की। इससे पहले प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक राजेश मूणत, इंद्र कुमार साहू, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, गुरु खुशवंत साहेब, धर्मजीत सिंह, पूर्व विधायक नंदे साहू, भाजपा नेता अशोक पांडेय, छगन मुंदड़ा, अशोक बजाज, संदीप शर्मा, श्याम नारंग, सनम जांगड़े, लक्ष्मी वर्मा, भूपेंद्र सवन्नी, शिवरतन शर्मा, सच्चिदानंद उपासने, सुभाष राव , कुलदीप जुनेजा, प्रमोद दुबे प्रदेश एवं जिला, मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी, जिला जनपत के अध्यक्ष, सदस्य, पार्षद, प्रशासनिक अधिकारी, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष अमर परवानी उनकी टीम, प्रतिष्ठित डॉक्टर्स और गणमान्य नागरिक भी बधाई देने पहुंचे। रायपुर शहर जिला द्वारा जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल के नेतृत्व में रमेश बैस को रायपुर शहर जिला की टीम द्वारा गजमला पहना कर उनके जन्मदिवस पर बधाई देकर आशीर्वाद लिया।

### टीम कैट ने दी बधाई



कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोशी ने बताया कि पूर्व राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा उनके स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस दौरान टीम कैट ने श्री बैस से प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग के विकास के संबंध में चर्चा भी की। श्री बैस ने टीम कैट को सकारात्मक आश्वासन दिया। इस दौरान विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन, सुरिंदर सिंह, भरत जैन, जयराम कुकरेजा, अवनीत सिंह, निलेश मुंदड़ा, दिलीप इसरानी, राम मंधान, राजेंद्र खटवानी, प्रशांत गुप्ता, जितेंद्र गोलछा, कांति पटेल, मोहन वल्यानी, विक्रांत राठौर, अमित गुप्ता, मनीष सोनी, आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा नेता थौरानी ने दीं शुभकामनाएं



रायपुर के भाजपा नेता राजेश थौरानी एवं प्रसिद्ध उद्यमी राज थौरानी ने भी पूर्व राज्यपाल रमेश बैस को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और उनके दीर्घायु होने की कामना की।

# आज भाजपा कोर ग्रुप, प्रदेश पदाधिकारियों की बड़ी बैठक, सुबह आएंगे नितिन नवीन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन शनिवार की सुबह को रायपुर पहुंचेंगे। यहां आने के बाद कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में लगातार बैठकें लेंगे। सुबह दस बजे से बैठकों का दौर प्रारंभ होगा। कोर ग्रुप के साथ प्रदेश पदाधिकारियों के अलावा अलग-अलग बैठकें होंगी। इसमें मुख्य रुप से नगरीय निकाय चुनाव पर चर्चा होगी। संभावना यह भी है कि इस बैठक के बाद जल्द ही निगम और मंडलों में नियुक्तियां भी हो जाएंगी। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सहित भाजपा के ज्यादातर मंत्री भी शामिल होंगे। प्रदेश का भाजपा संगठन का इस समय सबसे बड़ा फोकस इस साल के अंत में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव पर है। इसको लेकर भाजपा तैयारी में जुट गई है। भाजपा इस बार महापौर और अध्यक्षों का चुनाव भी प्रत्यक्ष कराने पर विचार कर रही है।



### होगी कमजोर बूथों को मजबूत करने पर चर्चा

प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन के आने के बाद सबसे पहले सुबह को प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक होगी। इसमें नगरीय निकाय चुनाव की चर्चा के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर की गई समीक्षा के बारे जानकारी रखी जाएगी। प्रदेश संगठन ने जिलेवार विधानसभाओं के लिए जिम्मेदारी तक करके प्रदेश के सभी बूथों की कुंडली भी बनाने का काम किया है। इसमें किस बूथ में लोकसभा के चुनाव में भाजपा को कम मत मिले हैं और इसका कारण क्या है। ऐसे कमजोर बूथों को मजबूत करने की रणनीति बनेगी। इसी के साथ आने वाले अगस्त और सितंबर में प्रदेश संगठन के कार्यक्रम भी तय किए जाएंगे। इस बैठक के बाद कोर ग्रुप की बैठक होगी। इसमें निगम, मंडल में नियुक्तियों को लेकर चर्चा की संभावना है।

# सांसद पांडेय ने रेल व यात्री सुविधाओं के विस्तार को बताया ऐतिहासिक उपलब्धि

### विस्तार को देखते हुए कांग्रेस के लोग कुंठित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के सांसद संतोष पांडेय ने रेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा, रेल और यात्री सुविधाओं के विस्तार के जितने काम पिछले 10 वर्षों में भाजपानीत राजग सरकार के कार्यकाल में हुए हैं, वे बेमिसाल हैं। श्री पांडेय ने कहा, रेल और यात्री सुविधाओं के विस्तार को देखते हुए कांग्रेस के लोग कुंठित और अपने शासनकाल के नाकारापन से शर्मिंदा होकर अब तथ्यहीन बातें करके देश में भ्रम और उसकी आड़ में अराजकता फैलाने में लगे हैं। श्री पांडेय ने कहा, आज रेल सेवाओं को लेकर कांग्रेस जिस तरह सफेद झूठ की राजनीति कर रही है, वह अत्यंत शर्मनाक है।



श्री पांडेय ने सवाल करते हुए कांग्रेस के लोगों को इन सवालों का तथ्यपूर्ण जवाब देने की चुनौती दी है- कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि उनका जो साथ 60-65 वर्ष का कार्यकाल रहा, उसमें उन्होंने कितने नए रेलवे ट्रैक बिछाए, प्रति वर्ष कितने किलोमीटर रेलवे ट्रैक बनाए? कितने रेल्वे ट्रैक्स का इलेक्ट्रिफिकेशन किया? कितने स्टेशनों को उन्होंने मॉडर्न बनाया? कितनी रेलगाड़ियों की उन्होंने स्पीड बढ़ाई? कितनी नई रेलगाड़ियां चलाई? यात्रियों की सुविधाओं में क्या विस्तार किया? बजट का कितना प्रतिशत हिस्सा रेल और यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिए रेलवे को देते थे? रेलवे के लिए छत्तीसगढ़ को कितना बजट देते थे? श्री पांडेय ने चुनौती देते हुए कहा, कांग्रेस में हिम्मत है तो वह इस बारे में सत्य और तथ्य के साथ आंकड़े जारी करे। श्री पांडेय ने ये आंकड़े जारी करते ही कांग्रेस अपने शासनकाल के नाकारापन पर शर्मसार हो जाएगी क्योंकि कांग्रेस ने रेलवे में भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं किया। रेल और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए कुछ नहीं किया और जब आज प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और रेल मंत्रालय तेजी से सुविधाओं के विस्तार और विकास के काम कर रहा है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने सुनीं समस्याएं तत्काल समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सहयोग केंद्र में प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री, मंत्री और भाजपा पदाधिकारी बैठकर समस्याओं और आवेदनों का त्वरित निराकरण कर रहे हैं।

भाजपा के सहयोग केंद्र में विस्तार से चर्चा की जा रही है और प्रदेश सरकार के मंत्री समस्याओं एवं आवेदन का त्वरित निराकरण कर रहे हैं। शुक्रवार को सहयोग केंद्र में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल समस्याओं को विस्तार से सुना गया और इनके निराकरण के निर्देश भी दिए।

इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा, भाजपा प्रदेश कार्यालय में हमने समस्याओं को सुना, विभिन्न विभागों की समस्याएं सामने आईं। चाहे वे निर्माण संबंधी कार्य हो या क्षेत्र के विकास के लिए काम हो, चाहे नए अस्पताल की मांग हो पूरे प्रदेशभर से विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए।आज सहयोग केन्द्र में सभी प्रकार के विषय आए, जिनमें स्वास्थ्य संबंधी आवेदन ज्यादा थे। इसके साथ ही शिक्षा, राजस्व, पेयजल, व अन्य विषय भी आए। आवेदनों के निराकरण करने के लिए संबंधित विभागों को जल्द से जल्द निदान करने के लिए निर्देश दिए गए। सहयोग केंद्र में प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव व रामजी भारती भाजपा सह मीडिया प्रभारी अनुराग अग्रवाल तथा प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू मौजूद रहे।


# अगले साल का बजट सत्र होगा नए विस भवन में, निर्माण की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार का अगले साल 2025 का बजट नवा रायपुर स्थिति नए विधानसभा भवन में होगा। नवा रायपुर में निर्माणधीन नए विधानसभा भवन का निर्माण तेजी पर है। यहां विधानसभा भवन के साथ विधायक विश्राम गृह और विधानसभा के अधिकारियों कर्मचारियों के लिए आवास भी बनाए जा रहे हैं।

### सचिव व अफसरों ने लिया जायजा

नए विधानसभा भवन एवं उससे संबंधित निर्माण कार्यों का जायजा शुक्रवार को अधिकारियों ने लिया। सचिव, छत्तीसगढ़ विधानसभा दिनेश शर्मा, सचिव, लोक निर्माण विभाग कमलप्रीत सिंह, सचिव संसदीय कार्य विभाग एस. प्रकाश, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग केके पिपरी



द्वारा अटल नगर नया रायपुर स्थित निर्माणाधीन नए विधान सभा भवन परिसर में ही स्थल पर बैठक एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर इन वरिष्ठ अधिकारीगण एवं सचिव लोक निर्माण विभाग ने नवीन विधान सभा भवन के सभा कक्ष, दीर्घाओं, माननीय मुख्यमंत्री, माननीय अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, माननीय मंत्रीगण के कक्ष एवं विधान सभा सचिवालय की विभिन्न शाखाओं के उपयोगार्थ निर्माणाधीन कार्यालयीन भवनों का निरीक्षण किया और इन सभी कार्यों का निरीक्षण कर लोक निर्माण विभाग के उपस्थित अधिकारियो, कर्मचारियों को मुख्य सचिव द्वारा विगत दिनों सम्पन्न बैठक मैं दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने, उपयुक्त फर्नीचर व विद्युत व्यवस्था सहित निर्माण कार्यों की भौतिक स्थिति के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार समस्त कार्य जल्द एवं तय समय सीमा में पूरा करने कहा गया।

### बजट के पहले हो जाए तैयारी

इस अवसर पर सचिव, लोक निर्माण कमलप्रीत सिंह ने संबंधित अधिकारियों को सुझाव दिया कि प्रयास करें कि वर्ष 2025 के फरबरी मार्च माह में आयोजित होने वाले आगामी बजट सत्र से पूर्व नए विधान सभा भवन के विंग ए और विंग बी के सभी कार्य पूर्ण हो जाएं, ताकि आगामी बजट सत्र की कुछ बैठकें नवीन विधान सभा भवन में ही सम्पन्न हो पाएं एवं विधान सभा सचिवालय के सत्र संबंधी कार्य सुचारू रूप से हो सकें।

### कन्याकुमारी से कश्मीर तक की राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा

# सीएम ने सुनी स्वर्वेद कथा, कहा- संतों का आशीर्वाद बना रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शुक्रवार को रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में विहंगम योग संत-समाज द्वारा आयोजित स्वर्वेद कथा में शामिल हुए। उन्होंने संत प्रवर श्री विज्ञानदेव जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके पावन सानिध्य में जय स्वर्वेद कथामृत का श्रवण किया। इस अवसर पर कोंडागांव विधायक लता उसेंडी भी उपस्थित थीं। विहंगम योग संत समाज द्वारा स्थापना के शताब्दी समारोह के पावन अवसर के निमित्त कन्याकुमारी से कश्मीर तक की राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर में जय स्वर्वेद कथा आयोजित की गई थी।




### विश्व शांति एवं कल्याण के लिए यात्रा : साय

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि यह परम सौभाग्य की बात है कि माता कौशल्या की धरती और भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में हमें संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज के पावन सानिध्य का सुअवसर मिला है। उन्होंने कहा कि पूज्य संतों का आशीर्वाद सदैव प्रदेश पर बना रहे और लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि आए। उन्होंने कहा कि संत जी विहंगम योग संत समाज की स्थापना के शताब्दी वर्ष के अवसर पर कन्याकुमारी से कश्मीर की यात्रा कर रहे हैं। संत श्री विज्ञान देव जी ने 15 दिवस में छत्तीसगढ़ के 13 जिलों की यात्राएं की। श्री साय ने कहा कि विश्व शांति एवं कल्याण के लिए यह यात्रा निश्चित ही लाभदायी होगा। मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण के लिए विहंगम योग संत समाज के प्रयासों की प्रशंसा की। विधायक लता उसेंडी ने कहा कि विहंगम योग संत समाज के पूज्य संतों का आशीर्वाद हमेशा से छत्तीसगढ़ को मिलता रहा है इनके पावन प्रवास की हम सभी प्रतीक्षा कर रहे थे। विहंगम योग संत समाज के संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज ने राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कन्याकुमारी से प्रारंभ हुई यह यात्रा कश्मीर तक अपने पावन संकल्पों के साथ पूरी होगी।





स्कूलों के लिए जारी किए गए दिशा-निर्देश, पहली बार बड़े पैमाने पर प्रयोग

# स्कूलों में बुलाए जाएंगे काउंसलर, पालकों को देंगे पैरेंटिंग टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

6 अगस्त को प्रदेशभर के शासकीय विद्यालयों में शिक्षक-पालक बैठक का आयोजन किया जाएगा। शासकीय विद्यालयों में पिछले शैक्षणिक सत्र से पीटीएम अर्थात पैरेंट्स-टीचर मीटिंग की शुरुआत की गई थी। इस सत्र में पहली बार पूरे प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में एक साथ एक ही दिन पालक-शिक्षक बैठक रखी जा रही है। इस सत्र की पहली बैठक संकुल स्तर पर एक ही तिथि में होगी, जबकि इसके बाद प्रत्येक तीन माह में होने वाली बैठक की तिथि स्कूल अपनी सुविधानुसार तय कर सकेंगे।

इसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। स्कूलों से पीटीएम में काउंसिलर और शिक्षाविदों को भी आमंत्रित करने कहा गया है, जिससे पालकों को श्रेष्ठ पालकत्व के टिप्स दिए जा सकें। प्रत्येक संकुल में बैठक पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करने कहा गया है। तैयारियों का भौतिक निरीक्षण जिला स्तरीय टीम से कराने कहा गया है कि ताकि किसी तरह की दिक्कतों का सामना ना करना पड़े।

### शिक्षक देंगे योजनाओं की जानकारी

बैठक के दौरान निर्धारित 12 मुद्दों पर पालकों से चर्चा करने के लिए प्रत्येक संकुल में शिक्षकों का चिन्हांकन कर उनका उन्मुखीकरण किया जाएगा, जिससे कि वे संबंधित मुद्दों के संबंध में पालकों को जानकारी देने में सक्षम हो सकें। बैठक में शिक्षक, शासन द्वारा संचालित विद्यार्थी हितग्राही योजनाओं की जानकारी पालकों को देंगे, जिससे पालक एवं विद्यार्थियों को योजनाओं का पूर्ण लाभ मिल सके। शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन के लिए राज्य में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी भी पालकों को दी जाएगी।

### 6 अगस्त को प्रदेशभर के शासकीय विद्यालयों में होगी शिक्षक-पालक बैठक




### नियमित रूप से संचालित होंगी कक्षाएं

बैठक में केवल शिक्षक एवं पालक सम्मिलित होंगे तथा विद्यालयों में अध्यापन कार्य नियमित रूप से संचालित होगा। प्रत्येक शाला के आधे शिक्षक ही बैठक में उपस्थित रहेंगे शेष आधे शिक्षक अपने विद्यालय में शैक्षणिक कार्य करेंगे। बैठक में शाला विकास समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। अधिकतर स्कूलों द्वारा बच्चों तथा पालकों को इसकी सूचना दी जा चुकी है। शेष स्कूलों में शनिवार को इस संदर्भ में सूचनाएं प्रेषित की जाएंगी।

16 से 22 अगस्त तक बस संचालकों ने बढ़ा दिया किराया, इधर ट्रेन रद्द होने के बाद यात्रियों को नहीं मिल रहा विकल्प

# ट्रेनें रद्द क्या हुईं, बस किराये ने भरी उड़ान एक सीट के पीछे 1200 का फर्क, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रक्षाबंधन से पहले रेलवे ने महानगरों को जाने वाली 72 ट्रेनों को रद्द कर यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पर्व में घर किस तरह जाएंगे इसे लेकर भाई और बहन दोनों परेशान हैं। जिस ट्रेन में टिकट कन्फर्म था, वो अब रद्द हो चुकी है, जो ट्रेन उपबल्ध है, उसमें वेटिंग अधिक है। टिकट कन्फर्म होने की संभावना केवल 20 फीसदी है। इसके अलावा ज्यादातर बसों में भी बुकिंग फुल हो चुकी है। कुछ बसों में 17 से 21 के बीच सीटें खाली हैं, उसमें भी बस संचालकों ने किराया ट्रेन रद्द होने के बाद बढ़ा दिया है। जब हरिभूमि ने किराये को लेकर पड़ताल की, तो पता चला रक्षाबंधन से दो दिन पहले बस का किराया भी ट्रेन के सेकेंड एसी के बराबर हो चुका है। रायपुर से भोपाल का किराया 5 से 13 अगस्त तक 1300 से 1450 है, तो वहीं 17 से 21 अगस्त को यही किराया 2500 तक पहुंच गया है। एक सीट के पीछे 1200 अधिक किराया लिया जा रहा है। ट्रेन में सेकेंड एसी का किराया 1750 है और बस के लिए यात्रियों को 2500 तक देना पड़ रहा है, क्योंकि ट्रेन में वेटिंग अधिक है।

**केस 1**

7 अगस्त को रायपुर से नासिक का किराया नवीन ट्रेवल्स में 1500 है। 17 अगस्त का इसी बस में किराया बुक माय ट्रिप में 2500 दिखा रहा है। 1000 रुपए अधिक बढ़ाया है।

**केस 2**

10 अगस्त को रायपुर से इंदौर का बस किराया पायल ट्रेवल्स में 1400 है। वही 18 अगस्त को 600 रुपए बढ़ा कर किराया 2000 तक कर दिया गया है। दूसरी बसों में 2500 तक किराया है। ट्रेन में इतने किराए में सेकंड एसी में सफर कर सकते हैं।

**केस 3**

रायपुर से भोपाल का किराया 5 से 13 अगस्त तक 1300 से 1450 है, तो वही 17 से 21 अगस्त को यही किराया 2500 तक पहुंच गया है। एक सीट के पीछे 1200 अधिक किराया लिया जा रहा है।

- 72 ट्रेनों के रद्द होने के बाद टिकट का रिफंड लेने यात्री पहुंचे आरक्षण केंद्र
- 2 से 10 अगस्त तक भोपाल का किराया 1300, 17 अगस्त के बाद 2500 में मिल रहा लोअर बर्थ





### रोजाना ट्रेनों में भारी वेटिंग

ट्रेनें रद्द होने के बाद ज्यादा वेटिंग रोजाना चलने वाली ट्रेनों में हैं। रद्द ट्रेनों के यात्री इन्हीं ट्रेनों में सफर करने लगे हैं। इस कारण से 17 अगस्त को अमरकंटक एक्सप्रेस में सभी कोच का वेटिंग 100 के पार है। इसी तरह समता में 120, दिल्ली संपर्क क्रांति 80, छत्तीसगढ़ में 70 वेटिंग हो चुकी है। वर्तमान में वेटिंग आने पर यात्री का टिकट कंफर्म नहीं हो रहा है।


### एमी, यूपी और बिहार की बसों का अधिक किराया

72 ट्रेनों में मध्यप्रदेश के साथ यूपी और बिहार समेत दिल्ली और मुंबई जाने वाली प्रमुख ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इसीलिए बस में सफर करने वालों की बुकिंग अधिक है। बस संचालकों ने इसी रूट की बसों को किराया बढ़ा दिया है। 1000 से 1500 तक किराया बढ़ गया है। दूसरी तरफ वेटिंग यात्रियों को सफर करने की अनुमति नहीं होने से यात्री वेटिंग अधिक देखकर टिकट नहीं खरीद रहे हैं। 17 अगस्त के बाद रायपुर से दिल्ली, कोलकाता जाने बस की सुविधा नहीं है। ट्रेन नहीं होने से छोटे शहरों के लिए महंगा किराया देकर यात्री सफर करने को मजबूर हैं।

### अतिरिक्त कोच की आवश्यकता

रेलवे के पास ट्रेनों में भीड़ कम करने के लिए तीन तरह के प्लान है। पहला ट्रेन में अतिरिक्त कोच लगाना, दूसरा स्पेशल ट्रेन का परिचालन और तीसरा क्लोन ट्रेन, मतलब जुड़वां ट्रेन चलाना, लेकिन रेलवे अपने सभी प्लान भूल चुका है। यात्रियों की समस्या दूर करने के लिए रेलवे ने तीनों में से एक भी सुविधा यात्रियों को नहीं दी है। अभी तक किसी भी ट्रेन में एक अतिरिक्त कोच नहीं लगाया गया है। दर्जनभर से अधिक ट्रेनों में इस वक्त अतिरिक्त कोच की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप



### नाबालिग समेत दो चोर गिरफ्तार, 10 साइकिल जब्त

**रायपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 साइकिलें जब्त की हैं। पुलिस के मुताबिक, प्रियांश कुमार नायक तथा देव नागरिया की शिकायत पर राजा तालाब निवासी शाहरुख खान तथा एक नाबालिग को साइकिल चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में साइकिल चोरों ने बताया कि उन लोगों ने ऑक्सीजोन गार्डन तथा अलग-अलग कोचिंग सेंटर एवं अन्य स्थानों से साइकिलें चोरी की हैं। गिरफ्तार आरोपी महंगी साइकिल चोरी कर पाट्‌र्स अलग निकालकर बेचने का काम कर रहे थे।

# चार बदमाश तीन माह के लिए तड़ीपार

## छह महीने बाद बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लंबे समय से अपराध में लिप्त रहने वाले चार बदमाशों के खिलाफ एसएसपी संतोष सिंह की अनुसंसा पर डीएम गौरव सिंह ने जिला बदर की कार्रवाई की है। जिन बदमाशों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई है, उनके खिलाफ अलग-अलग थाना क्षेत्रों में थोक में अपराध दर्ज हैं। इन शातिरों को तीन महीने के लिए रायपुर जिला के अलावा सरहदी जिलों में नहीं रहने आदेश जारी किया गया है। बदमाशों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई विधानसभा चुनाव के छह महीने बाद की गई है, तब पांच बदमाशों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई थी। पुलिस के अनुसार पुरानी बस्ती, बंधवापारा निवासी फरीद खान, तिल्दा, कंडरापारा ⏭ शेष पेज 17 पर

- विधानसभा चुनाव के समय पांच बदमाशों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई हुई थी






### बदमाशों की हिस्ट्रीशीट

**यासीन अली 14 साल 17 अपराध**

पंडरी थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाश यासीन अली के खिलाफ 2010 से लगातार मारपीट, चाकूबाजी, गुंडागर्दी, लूटपाट, जान से मारने की धमकी देने, गांजा बेचना जैसे गंभीर अपराध घटित कर आमजन को आतंकित करने एवं उनके मध्य भय उत्पन्न करने में संलिप्त है। उसके विरुद्ध 17 अपराध और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई हुई है।

**फरीद खान 11 साल 19 अपराध**

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर फरीद के खिलाफ वर्ष 2013 से अब तक मारपीट, चाकूबाजी, गुंडागर्दी, लूटपाट, जान से मारने की धमकी, वसूली, आर्म्स एक्ट तथा शराब की अवैध बिक्री करने के 19 अपराध दर्ज हैं।

**शेख सरवर 15 साल 10 अपराध**

गंज थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर शेख सरवर के खिलाफ 2009 से लगातार मारपीट, गुंडागर्दी, लूटपाट, जान से मारने की धमकी देने, वसूली जैसे गंभीर अपराध घटित कर आमजन को आतंकित करने एवं उनके मध्य भय उत्पन्न करने में संलिप्त है। उसके विरुद्ध 10 अपराध तथा अलग से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई हुई है।

**सोमू निषाद नौ साल 12 अपराध**

तिल्दा के हिस्ट्रीशीटर सोमू निषाद के खिलाफ 2015 से लगातार हत्या, छेड़छाड़, ⏭ शेष पेज 17 पर

# रेत परिवहन करने वाली 25 हजार गाड़ियों के थमे पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खदानों से रेत परिवहन करने वाले गाड़ी मालिकों पर जिला प्रशासन द्वारा मनमाने तरीके से कार्रवाई करते हुए नियम को ताक पर रखते हुए दो-दो लाख जुर्माना किया जा रहा है। विरोध करने पर परिवहन विभाग से ओवर लोडिंग की कार्रवाई करवाने की धमकी भी दी जा रही है। इसके विरोध में छत्तीसगढ़ हाईवा परिवहन कल्याण संघ शनिवार को बूढ़ापारा से दोपहर एक ⏭ शेष पेज 17 पर



- आज हाईवा मालिकों का अर्धनग्न प्रदर्शन

# सावन में बिजली की खपत पर राहत की बारिश, डिमांड दो हजार मेगावाट घटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सावन के आते ही बिजली की खपत पर भी राहत की बारिश होने लगी है। जो खपत बारिश न होने के कारण 58 सौ मेगावाट तक जा रही थी, वह लगातार बारिश होने के कारण चार हजार मेगावाट से कम हो गई। इसके पीछे का कारण यह है कि बारिश के कारण कृषि पंपों का चलना बंद हो गया है। एसी, कूलर भी बहुत कम चल रहे हैं। इधर स्टील उद्योगों के बंद के कारण भी ⏭ शेष पेज 17 पर

- कृषि पंप बंद, एसी, कूलरों का चलना भी घटा

### उद्योग बंद होने से भी खपत घटी

स्टील उद्योग बीते चार दिनों से महंगी बिजली का विरोध करते हुए बंद कर दिए गए हैं। सोमवार की रात से उद्योग बंद हैं। स्टील उद्योगों के बंद होने से पहले बिजली की खपत पीकआवर में चार हजार मेगावाट से 41 सौ मेगावाट तक जा रही थी। लेकिन उद्योगों के बंद होने के बाद पहले और दूसरे दिन तक तो खपत पर ज्यादा असर नहीं पड़ा है, लेकिन 31 जुलाई से पीकआवर में खपत तीन से साढ़े तीन सौ मेगावाट कम हो गई है। अब पीकआवर में खपत 38 से 39 सौ मेगावाट हो रही है।

### लगातार गिर रहा खपत का ग्राफ

सावन के पहले दिन से ही लगातार बारिश हो रही है। करीब एक पखवाड़ा होने वाला है। लगातार बारिश ने अब खपत का ग्राफ भी लगातार कम होते जा रहा है। खपत 58 सौ मेगावाट से कम होते-होते अब चार हजार मेगावाट तक आ गई है। दिन के समय में खपत जहां 38 सौ मेगावाट के आस-पास रहती है, वही शाम को पीकआवर में यह 41 से 42 सौ मेगावाट हो जाती है।

## पाठक सूचना


**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**



हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार, 3 अगस्त 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937





15 हरेली कल... सुबह 5 बजकर 44 मिनट.....

## कैंपस इवेंट

### नन्हे बच्चों का दंत परीक्षण कर दिए स्वस्थ रहने टिप्स




**रायपुर।** डैफोडिल्स इंग्लिश स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय में अध्ययनरत नन्हे बच्चों के लिए यह स्वास्थ्य शिविर रखा गया था। इसमें दांत संबंधित सामान्य परिक्षण, फिजियोथैरेपी, स्पीच थैरेपी आदि जांच की सुविधा छोटे बच्चों को दी गई। डॉ.धनंजय पाटिल, डॉ.कीर्तना, डॉ.मृगया जैन, डॉ.शिखा विश्वकर्मा, डॉ.सत्यम बंजारे एवं डॉ.लक्ष्मी पिंजानि ने अपनी सेवाएं प्रदान की।विद्यालय की प्राचार्या आशा विग के नेतृत्व में एकता अस्पताल शंकर नगर द्वारा शाला के कोटा स्थित कैंपस में यह स्वास्थ्य शिविर रखा गया। विद्यालय के संचालक मिनहाज असद सहित अन्य शिक्षक इस प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा बने।

#### बड़े बच्चों ने जाना, कैसे करें आंखों की देखभाल

*नर्सरी कक्षा के साथ ही उच्च कक्षाओं के छात्रों की भी स्वास्थ्य जांच की गई। उन्हें स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही विद्यालय के भी कई शिक्षक व शिक्षकों ने भी जांच करवाई। बच्चों को बताया गया कि वे किस तरह से अपनी सेहत का ध्यान रख सकते हैं। अच्छी सेहत का पढ़ाई पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में भी बताया गया। विशेषकर छोटे बच्चों को दांत को स्वस्थ रखने टिप्स दिए गए। बड़े बच्चों को आंखों की सेहत संबंधित बातें बताई गईं। कई बच्चों ने अपनी स्वास्थ्य समस्याएं भी साझा की।*

## सिटी इवेंट

### ऋषि दधीचि के जरिए समझाया अंगदान क्यों है पुनीत कार्य



**रायपुर।** एनआईटी द्वारा ऑर्गन डोनेशन एंड बेसिक लाइफ सपोर्ट पर एक ज्ञानवर्धक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। दृष्टिबाधित विद्यालय के छात्र भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। प्रेरणा नेत्रहीन विद्यालय के विद्यार्थियों ने मधुर गीत प्रस्तुत करते हुए जीवन में संघर्ष का महत्व समझाया। एनएबी दृष्टिबाधित बालिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या हेमलता मिश्रा और संकाय सदस्य वंदना भी इस दौरान उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता के रूप में रामकृष्ण केयर अस्पताल के डॉ. अजीत मिश्रा और डॉ.संतोष कुमार मिश्रा तथा सुमित फाउंडेशन के रविन्द्र सिंह शास्त्री भी उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने आंकड़े पेश करते हुए कहा कि केवल 10% लोग अंग दान करते हैं और सालाना 1.5 लाख मौतें होती हैं।

#### आगे बढ़ा सकते हैं करूणा की विरासत

डॉ. त्रिपाठी ने हिंदू पौराणिक कथाओं से प्रेरणा लेते हुए ऋषि दधीचि का उदाहरण दिया कि कैसे उन्होंने एक राक्षस को हराने में अपनी हड्डियों से हथियार बनाने के लिए निस्वार्थ कार्य किया था। डॉ. सान्याल ने उल्लेख किया कि चूंकि एनआईटी में बड़ी संख्या में लोग हैं, इसलिए यह हमारा कर्तव्य है कि हम अधिक से अधिक लोगों के बीच अंगदान के लिए जागरूकता बढ़ाएं। डॉ. सिन्हा ने कहा कि मृत्यु के बाद, हम अपने अंगों को दान करके अपनी विरासत को करुणा में बदलकर दूसरों का समर्थन करना जारी रख सकते हैं। लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करने जोर दिया गया।

## लाइव इवेंट

### संपूर्ण जिले से अंताक्षरी खेलने आएंगी टीमें, दर्शक देंगे उत्तर



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल में 10 और 11 अगस्त को होने वाली नगर स्तरीय भव्य अंताक्षरी प्रतियोगिता की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसकी तैयारी को लेकर शुक्रवार को महाराष्ट्र मंडल की खेलकूद समिति की अगवाई में सभी समितियों के पदाधिकारियों की बैठक रखी गई। इसमें सभी समितियों के पदाधिकारी को आयोजन से संबंधित महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई। उपाध्यक्ष व खेल समिति की समन्वयक गीता श्याम दलाल ने बताया कि स्पर्धा का शुभारंभ 10 अगस्त को शाम चार बजे होगा। अंताक्षरी स्पर्धा में फाइनल सहित होने वाले सात चक्रों में से तीन चक्र पहले दिन 10 अगस्त को संपन्न किए जाएंगे। दूसरे दिन रविवार को सुबह नौ बजे से प्रतियोगिता शुरू होगी।

#### एक टीम में होंगे चार प्रतिभागी

स्पर्धा में प्रत्येक समाज, संस्था या ग्रुप की टीमों में चार-चार सदस्य प्रतिभागी होंगे। दर्शकों से भी प्रश्न पूछे जाएंगे और सही जवाब पर तुरंत आकर्षक इनाम दिए जाएंगे। कई टीमों के नाम समिति के पास पहुंच चुके हैं। अंताक्षरी प्रतियोगिता में कुल 36 टीम में भाग लेंगी। प्रत्येक चक्र में छह टीमों की भागीदारी होगी। उनमें एक विजेता चुना जाएगा। छह चक्र के छह विजेता फाइनल में आपस में टकराएंगे। इसी तरह एकल गायन स्पर्धा में महिला वर्ग से 16 और पुरुष वर्ग से 16 प्रतिभागी शामिल होंगे। सहसचिव मालती मिश्रा ने बताया कि अंताक्षरी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के लिए अलग-अलग टेबल, बजर सिस्टम लगाए जाएंगे। अंताक्षरी स्पर्धा में भाग लेने के लिए महाराष्ट्र मंडल कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## तकनीकी शिक्षा संचालनालय ने जारी किया काउंसिलिंग शेड्यूल

# एमबीए, एमसीए व इंजीनियरिंग सीटों के लिए काउंसिलिंग 7 से कृषि विवि में पीजी की मात्र 21 सीटें रिक्त, ऑनस्पॉट दाखिला

**व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम घोषित करने के बाद अब संबंधित पाठ्यक्रमों में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए संबंधित विभाग द्वारा शेड्यूल भी जारी कर दिए गए हैं। प्रदेश के इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया 8 अगस्त से प्रारंभ होगी।**

**रायपुर।** मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी और मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के लिए भी इसी तिथि से काउंसिलिंग प्रारंभ होगी। दो चरणों के लिए ही काउंसिलिंग शेड्यूल जारी किया गया है। इसके बाद संस्था स्तर पर काउंसिलिंग होगी। इसके लिए भी तिथि जारी कर दी गई है। तकनीकी शिक्षा संचालनालय के अंतर्गत इंजीनियरिंग डिप्लोमा तथा मास्टर इन कंप्यूटर एप्लिकेशन पाठ्यक्रमों का भी संचालन होता है। इनमें प्रवेश के लिए पंजीयन 12 अगस्त से शुरू हो रहे हैं। इंजीनियरिंग के साथ ही इन कोर्स के लिए भी शेड्यूल जारी कर दिया गया है। तिथिवार शेड्यूल जारी करने के साथ ही इससे संबंधित दिशा-निर्देश भी विभाग द्वारा साझा किए गए हैं।

### ऐसा है तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए शेड्यूल





- कोर्स का नाम : डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर, कास्ट्यूम डिजाइन एवं ड्रेस मेकिंग, इंटीरियर डेकोरेशन, मॉर्डन ऑफिस मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट एवं केटरिंग टेक्नोलॉजी, डिप्लामा इंजीनियरिंग लेटरल, मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन
- प्रथम चरण : पंजीयन-12 अगस्त से 17 अगस्त तक, सीट आबंटन- 21 अगस्त, प्रवेश- 22 अगस्त से 27 अगस्त तक
- द्वितीय चरण : पंजीयन - 28 अगस्त से 31 अगस्त तक, सीट आबंटन- 3 सितंबर, प्रवेश- 4 सितंबर से 7 सितंबर तक
- संस्था स्तर काउंसिलिंग- पंजीयन- 9 और 10 सितंबर, मेरिट लिस्ट - 12 सितंबर, प्रवेश - 13 सितंबर

- कोर्स का नाम : बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी, मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी, मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
- प्रथम चरण : पंजीयन-7 अगस्त से 12 अगस्त तक, सीट आबंटन- 14 अगस्त, प्रवेश- 16 अगस्त से 21 अगस्त तक
- द्वितीय चरण : पंजीयन - 22 अगस्त से 27 अगस्त तक, सीट आबंटन- 29 अगस्त, प्रवेश- 30 अगस्त से 3 सितंबर तक
- संस्था स्तर काउंसिलिंग- पंजीयन- 9 और 10 सितंबर, मेरिट लिस्ट - 12 सितंबर, प्रवेश - 13 सितंबर



### महाविद्यालयों में भी प्रवेश तिथि बढ़ाने की तैयारी

व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के इतर परंपरागत पाठ्यक्रमों के लिए दाखिले संबंधित प्रक्रिया जून माह से ही प्रारंभ हो गई थी। जुलाई अंत तक दाखिले पूर्ण करने निर्देश दिए गए थे, लेकिन बड़ी संख्या में सीटें रिक्त रह जाने के कारण प्रवेश प्रक्रिया पुनः प्रारंभ किए जाने की तैयारी है। शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों की ऑनलाइन बैठक भी आयोजित की गई थी। इसमें सभी प्राचार्यों से रिक्त सीटों की जानकारी मांगी गई। दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित महाविद्यालयों में सीटें रिक्त रह गई हैं। इसके कारण कई कॉलेजों के प्राचार्यों ने प्रवेश के लिए अंतिम तिथि बढ़ाने मांग की है। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, उच्च शिक्षा विभाग स्थिति को देखते हुए कुछ दिनों की मोहलत सीट वृद्धि के लिए देगा। इसके लिए एक-दो दिनों के अंतराल में आदेश जारी हो सकते हैं।

### कृषि का क्रेज, 458 में से 437 सीटें भरी

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की 458 सीटों में से 437 सीटें काउंसलिंग द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को आबंटित कर दी गई हैं। संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2024 की प्रावीण्य सूची के आधार पर अभ्यर्थियों को प्रोविजनल सीट एवं महाविद्यालय का आबंटन किया जा चुका है। चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण कृषि महाविद्यालय में किया जा रहा है। आबंटित प्रोविजनल सीट को सुरक्षित करने के लिए अभ्यर्थियों को 1 से 3 अगस्त के मध्य ऑनलाइन फीस जमा करना अनिवार्य होगा। सीट सुरक्षित करने के पश्चात अभ्यर्थी सीट निरस्त करना चाहता है और आगे किसी भी प्रक्रिया में भाग नहीं लेना चाहता तो इसके लिए 1 से 4 अगस्त के मध्य सीट निरस्त करना होगा। रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 6 एवं 7 अगस्त को स्पॉट काउंसिलिंग तथा 8 अगस्त को कन्वर्सन काउंसिलिंग की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी काउंसलिंग संबंधित दिशा-निर्देशों की अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.igkv.ac.in का अवलोकन कर सकते हैं।



### कृषि विवि में 6 एवं 7 अगस्त को स्पॉट काउंसिलिंग

स्नातक की तिथि अभी नहीं कृषि पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्री एग्रीकल्चर टेस्ट का आयोजन किया जाता है। पीएटी परिणामों की घोषणा व्यापम द्वारा अब तक नहीं की जा सकी है। इसके परिणाम आने के बाद भी स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए शेड्यूल कृषि विवि जारी करेगा। उद्यानिकी विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों के लिए भी काउंसिलिंग तिथि जारी होने का इंतजार विद्यार्थियों को है।

# महिलाओं ने नृत्य में दिखाई किशोरावस्था से वृद्धावस्था तक की झलक, जीवन में खुशियों का बताया महत्व

### 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं का ढोल-नगाड़ों संग हुआ स्वागत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की ओर से शुक्रवार को 'शेष जिंदगी विशेष जिंदगी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रायपुर समेत बालोद और राजनांदगांव जिले की महिलाओं ने हिस्सा लिया। प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि कार्यक्रम में 60 वर्ष से ज्यादा उम्र की मातृ शक्तियों का स्वागत ढोल नगाड़े के साथ जोर-शोर से किया गया। विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेते हुए महिलाओं ने अपनी प्रतिभा से सभी का मनोरंजन किया।



सबसे पहले 45 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं द्वारा महेश वंदना नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद पल्लवी ने 'कुछ मैं कही, कुछ तुम कहो' गीत में मातृशक्ति की शानदार नाटिका से हृदयस्पर्श संवाद प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में 75 साल के बुजुर्गों में भी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में समाज की प्रदेशाध्यक्ष शशि गट्टानी व सचिव रूपा मुंदडा, कोषाध्यक्ष नंदा भट्टड सहित संगठन मंत्री उर्मिला टावरी सहित अन्य उपस्थित रही।

#### गीत-संगीत का उठाया आनंद

*कार्यक्रम में मेडिटेशन, मां गंगा की भव्य आरती, अंताक्षरी, तंबोला सहित 'हुनर आपका' कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसमें अंताक्षरी के दौरान महिलाओं ने गीत-संगीत का भी खूब आनंद उठाया। इसके अलावा इसमें महिलाओं ने सामूहिक नृत्य के पेश किया, जिसमें बालवस्था से किशोरावस्था व प्रौढ़ावस्था से वृद्धावस्था की झलक प्रस्तुत की गई। इस नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। महिलाओं ने कहा कि जीवन में कभी किसी व्यक्ति से मन मुटाव न रखें। समय के साथ स्वयं को बदलना सीखें। जीवन में खुशियों के साथ रहना है, जो लोगों को खुशियां बांटनी पड़ेगी। दूसरों की खुशी में प्रसन्न होना पड़ेगा।*

# युवराज और मनकिरण को प्रभार करेंगे विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व

**रायपुर।** होली हार्ट्स स्कूल की कबीर नगर शाखा में अलंकरण समारोह रखा गया। इतिहास रचते हुए बारहवीं कक्षा के युवराज सिंह ढिल्लों और मनकिरण कौर ढिल्लों लगातार तीसरी बार क्रमशः हेड बॉय और हेड गर्ल बने। स्कूल कैबिनेट और क्लब प्रीफेक्ट्स को भी बैज और नए कर्तव्य सौंपे गए। समूह के चेयरमैन आचार्य एसपी सिंह ने छात्रों को बैज प्रदान किए और उन्हें कर्तव्यनिष्ठ बनने के लिए प्रेरित किया।



प्रिंसिपल हेमाली सिंह ने छात्रों को नेतृत्व क्षमता का विकास करने और अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रेरित किया। होली हार्ट्स स्कूल के नवगठित स्कूल कैबिनेट ने अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाने और अपनी लगन और मेहनत से स्कूल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की शपथ ली। छात्रों ने अपने नए पदाधिकारियों का तालियों के साथ स्वागत किया। शिक्षकों ने भी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए बेहतर कार्य करने की सीख दी। नई जिम्मेदारियां प्राप्त कर छात्र भी उत्साहित नजर आए।

## राजधानी में सैकड़ों की संख्या में निकलने वाले भक्त थोक में कर रहे खरीदी

# मिट्टी की जगह प्लास्टिक का कलश लेकर निकलने लगे कांवड़िए लंबी दूरी के लिए खास तरह से डिजाइन, दिया गया परंपरागत रूप

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** सावन में शिव भक्तों का रेला अब कांवड़ के साथ शिवालयों की ओर मिट्टी के कलश में जल लेकर निकलने की बजाय खास तरीके से डिजाइन किए गए प्लास्टिक के कलश का इस्तेमाल कर रहे हैं। अलग-अलग समूह में सैकड़ों की तादाद में निकलने वाले भक्त एकरुपता के लिए एक जैसी पोशाक खरीदने लगे हैं। इसके लिए वे कम दाम में साजो-सामान खरीदने बल्क आर्डर करने लगे हैं। इससे उन्हें बाहर जो पोशाक सात से आठ सौ में मिलता है, उसे एक साथ खरीदने पर तीन से पांच सौ में लेने के लिए थोक विक्रेताओं के पास पहुंचने लगे हैं। विक्रेताओं द्वारा शिव भक्तों को जरुरी सामान मुंबई और कोलकाता से आयात कर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। व्यापारी अरविंद जैन ने बताया, इस बार बच्चों ही नहीं युवाओं, युवतियों और महिलाओं के लिए भी कम दाम में बेहतर पोशाक मंगाई गई है।



### नहीं छलकेगा कलश का जल

रिटेलर केवल राम साहू ने बताया कि कुछ साल पहले तक कांवड़ यात्रा में शामिल होने वाले लोग मिट्टी के कलश का इस्तेमाल करते थे। इससे कांवड़िए ज्यादा रफ्तार में नहीं चल पाते थे, क्योंकि ऐसा करने से कलश का जल छलकने लगता था। इससे लंबी यात्रा के दौरान कलश में जल कम बचता था। इससे बचने के लिए पहले प्लास्टिक का छोटा लोटा आने लगा था। अब इसमें भी बदलाव होने से खास तौर से डिजाइन किए गए प्लास्टिक के कलश का चलन बढ़ने लगा है। इसे लोग सुविधा के लिहाज से भी खरीदने में रुचि लेते हैं, क्योंकि इसमें रखा गया जल छलकता भी नहीं है।

### महादेव लिखे पोशाक का ट्रेंड

कांवड़ यात्रा में जाने वाले महादेव के भक्त अलग-अलग फैशन के कपड़े पहने दिखना पसंद करने लगे हैं। कोई सफेद रंग में ऊं नमः शिवाय लिखे पोशाक को पहने हैं तो कोई काले रंग में महाकाल लिखे वस्त्र पहनने लगे हैं। गले में डालने के लिए भी महादेव की आकृतियों से बने दुपट्टे को महिलाओं व युवतियों द्वारा खासा पसंद किया जाने लगा है। भगवा पोशाक का ट्रेंड अभी रायपुर में सबसे ज्यादा है। लोग सादा भगवा वस्त्र भी पहनना पसंद करते हैं। युवाओं में इस तरह के फैशन का गजब का ट्रेंड देखा जा रहा है। युवतियों को कुर्ती व पायजामा के साथ भगवा दुपट्टा भी उपलब्ध करवा जा रहा है।



### भगवा धोती व साड़ी

इस बार भगवा रंग में प्लास्टिक के कलश को डिब्बे जैसा डिजाइन किया गया है। इसे 30 से 50 रुपए में बेचने के साथ ही बांस को सजाकर तैयार की गई लकड़ी को प्रति पीस 50 रुपए में बेचा जा रहा है। 200 में टी-शर्ट व पैजामा के साथ धोती भी भगवा रंग में उपलब्ध करवा रहे हैं। वहीं युवतियों के लिए कुर्ता व पायजामा 300 रुपए तो महिलाओं के लिए 150 रुपए में भगवा रंग की साड़ी भी थोक विक्रेता उपलब्ध करवा रहे हैं। कांवड़ियों की संख्या भी धीरे-धीरे बढ़ने लगी है।

## सिटी लाइव

# एम्स क्यूआर कोड के जरिए बताएगा स्तनपान का महत्व



रायपुर। माता का दूध नवजात शिशु और छोटे बच्चों के लिए अमृत समान है। माताओं और शिशुओं के लिए स्तनपान के लाभों को बढ़ावा देने के उदेश्य से अगस्त के प्रथम सप्ताह में लोगों में जागरूकता लाने के उदेश्य से विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में एम्स के पंजीकरण क्षेत्र परिसर में बाल रोग विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य पोषण मध्यवर्तन उत्कृष्टता केंद्र, स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ और नर्सिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में नवजात शिशुओं और उनके माताओं के लिए स्तनपान की आवश्यकता, महत्व और उससे मिलने वाले लाभ के विषय में जानकारी देने के उदेश्य से स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### नर्सिंग छात्रों ने खेला नुक्कड़ नाटक

निदेशक डॉ. अशोक जिंदल ने शिशुओं के स्वास्थ्य और पोषण के लिए मां के दूध के महत्व, स्तनपान से रोगप्रतिरोध शक्ति के विकास और बीमारियों से मां और बच्चे के सुरक्षा के विषय में बताया। उन्होंने एक 'क्यूआर कोड' का उद्घाटन भी किया, जिसे स्कैन करके गर्भवती, स्तनपान कराने वाली माताएं और अन्य व्यक्ति स्तनपान के प्रत्येक पहलू के बारे में आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर नर्सिंग कॉलेज और स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के छात्रों द्वारा पंजीयन क्षेत्र में आये रोगियों उनके परिजनों के लिए 'नुक्कड़ नाटक' प्रस्तुत किया गया, जिसमें समाज में स्तनपान से संबंधित मिथकों को दूर करते हुए सटीक जानकारी प्रदान की गई। डॉ. आलोक अग्रवाल, डॉ. रेनू राजगुरु, डॉ. अनिल गोयल, डॉ. बिनु मैथ्यू, डॉ. मृत्युंजय राठौर समेत नर्सिंग स्टाफ और छात्र उपस्थित रहे।

## कैंपस लाइव

# विवि में ऑक्सीजोन विकसित करने विद्यार्थियों ने रोपे पौधे



रायपुर। पं. रविशंकर शुक्ल की 147वीं जयंती के अवसर पर 'एक पेड़ मां' के नाम योजना के अंतर्गत रविवि परिसर में वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम रख गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो.एलएस गजपाल ने बताया, सामान्य रूप से पं. रविशंकर शुक्ल जयंती के अवसर पर अवकाश रहता है किन्तु 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। सभी की बेहतर उपस्थिति में वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ना केवल पर्यावरण संरक्षण करना अपितु ग्लोबल वार्मिंग से बचाना, ऑक्सीजोन का विकास करना और लोगो में पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक भावनात्मक लगाव को पैदा करना है।

### आम, अनार, जामुन के पौधे रहे शामिल

इस कार्यक्रम के तहत लगभग 150 से अधिक फलदार पौधों का रोपण किया गया जिसमे मुख्य रूप से आम, अनार, जामुन, अमरूद, जैसे पौधे शामिल थे। कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला ने कहा, पेड़ लगाने के साथ-साथ उन्हें शत प्रतिशत जीवित रखने का दायित्व भी विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों, अधिकारियों एवं छात्रों का है। उन्होंने इस कार्य में राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखंकित किया। इस अवसर पर प्राध्यापकों सहित विभिन्न स्वयंसेवक अधिकारीगण और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## एजूकेशन अपडेट

# 72 प्रतिशत रहे एमकॉम के परिणाम एमलिब में सभी छात्र उत्तीर्ण घोषित

*रायपुर। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा शुक्रवार को एमकॉम के परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई। एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में 891 छात्र शामिल रहे थे। इनमें से 641 छात्रों को उत्तीर्ण घोषित किया गया है। 234 छात्रों को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। शेष छात्रों के परिणाम विभिन्न कारणों से रोके गए हैं। इस तरह से उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 71.94% रहा। एमसीए द्वितीय सेमेस्टर के परिणाम भी रविवि ने घोषित कर दिए हैं। परीक्षा में शामिल 54 छात्रों में से 49 सफल रहे। 4 को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। परिणाम 90.74 प्रतिशत रहे। एमलिब द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल सभी 14 छात्र सफल रहे हैं। इसके अलवा बीएससी तृतीय वर्ष के पुनर्गणना परिणाम भी जारी कर दिए गए हैं। 4 छात्रों को फेल से पास श्रेणी में रखा गया है। सभी कक्षाओं के परिणाम रविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।*

# सरस्वती बनी सावन क्वीन, सरला रनरअप

रायपुर। बेटी बचाओ मंच की रायपुरा शाखा द्वारा महादेव घाट स्थित बड़े हनुमान गार्डन में उत्साह के साथ हरियाली उत्सव मनाया गया। ग्रीन थीम पर सभी महिला पदाधिकारी हरे रंग की साड़ी के साथ हरे रंग की चूड़ी, बिंदी सहित सोलह श्रृंगार के साथ पहुंची। आयोजन का आनंद लेने महिलाएं सावन के गीत गाते हुए थिरकने लगी। उक्त अवसर पर हरियाली क्वीन और विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सर्वाधिक अंक प्राप्त कर सरस्वती साहू सावन क्वीन विजेता तथा सरला इंगले उपविजेता बनी। हरित श्रृंगार विजेता भारती रोमनाथ शर्मा तथा उपविजेता वीणा तिवारी घोषित बनी। शारदा मिश्रा तथा सरिता शर्मा को श्रेष्ठ कार्यकर्ता अवार्ड से नवाजा गया। श्रेष्ठ श्रृंगार के लिए सुधा शर्मा और प्रमिला कोपुलवार को पुरस्कृत किया गया।



● बाजार में रेडीमेड गेड़ी का क्रेज, मैदानों में होंगी प्रतियोगिताएं, कृषि उपकरण खरीदने पहुंचे किसान

# हरेली कल... सुबह 5 बजकर 44 मिनट से प्रारंभ होगा रवि पुष्य योग, शिववास भी प्रातःकाल से, अब गेड़ी भी हुई ब्रांडेड

**छत्तीसगढ़ का पहला स्थानीय त्यौहार हरेली रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बार गांव के साथ शहर में गेड़ी का उत्सव देखने को मिलेगा। शहर के मॉल में बांस से बनी गेड़ी बिकने के लिए पहुंच गई है। इसकी बिक्री इन दिनों बढ़ चुकी है। गांव में बच्चे खुद से गेड़ी तैयार करते हैं, लेकिन शहर में गांव की तुलना में बच्चे गेड़ी कम चलाते हैं। पिछले साल रेडीमेड गेड़ी की बिक्री अधिक हुई थी।**



मॉल में सीख रहे गेड़ी में संतुलन बनाना

*शॉपिंग मॉल में गेड़ी बेचने के साथ-साथ लोगों को गेड़ी चढ़ने की कला भी सिखाया जा रहा है। ज्यादातर लोगों को गेड़ी चढ़ने के बाद संतुलन बनाने नहीं आता है। ऐसे में लोगों को टेबल के सहारे गेड़ी पर दोनों पैरों को रखकर चलने का तरीका समझाया जा रहा है। मैदानों में भी अभ्यास करने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। शहरों में सी-मार्ट में रेडीमेड गेड़ी खरीदने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। शहर में गेड़ी की बिक्री को देखते हुए कहा जा सकता है कि इस बार शहर में भी बड़ी संख्या में लोग गेड़ी चढ़कर हरेली का पर्व मनाएंगे।*

### रावणभाठा मैदान में होगी गेड़ी स्पर्धा

हरेली के अवसर में इस बार भी गेड़ी प्रतियोगिता का आयोजन सप्रे और रावणभाठा मैदान में किया जाएगा। यादव समाज की ओर यह स्पर्धा आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रदेश भर से गेड़ी चलाने के शौकीन हिस्सा लेंगे। विजेताओं को पुरस्कार भी दिया जाएगा। बड़ी संख्या में लोगों ने स्पर्धा में शामिल होने पर अपना नाम दर्ज करवा लिया है। स्कूलों में गेड़ी प्रतियोगिता की तैयारी चल रही है।

रायपुर। इस बार भी बच्चों और युवाओं के लिए अलग-अलग ऊंचाई की रंगीन गेड़ी उपलब्ध है, जिसकी कीमत 50 से 100 रुपए तक है। डीडी नगर स्थित एक मार्ट के मैनेजर ने बताया कि बीते एक सप्ताह में गेड़ी की बिक्री बढ़ी है। इन गेड़ी को मजबूत रस्सियों की मदद से बनाया गया है। मांग को देखते हुए अधिकतर मार्ट में इन्हें उपलब्ध कराया गया है।



### बाजार में टंगिया, हंसिया की बिक्री बढ़ी

हरेली के पर्व पर किसान कृषि उपकरणों की विधिवत पूजा करते हैं। ऐसे में किसान उपकरणों की खरीदारी करने अब शहर पहुंच रहे हैं। गोल बाजार स्थित एक हार्डवेयर शॉप के संचालक आनंद तिवारी ने बताया कि हरेली पर्व के करीब आते ही नांगर, राफा, कुदारी, टंगिया, हंसिया, बसूला की बिक्री बढ़ गई है। किसान इसे खरीदने गांव से पहुंच रहे हैं। 200 से 3 हजार तक कृषि उपकरण उपलब्ध है। खेतों में उपयोग आने वाले उपकरणों की बिक्री पर्व के नजदीक आने से बढ़ी है।

### घरों में लगाई जाएगी नीम की टहनियां

पर्व से जुड़ी मान्यता अनुसार गाय और कृषि औजारों की साफ सफाई के साथ पूजा करने के बाद घरों में व गांव के चरवाहों में नीम की टहनियां रखी जाएगी। नारियल फोड़कर चीला, भजिया, सोहारी का भोग लगाया जाएगा। इसके बाद गेड़ी चढ़कर बच्चे व ग्रामीण-जन और कृषक-समाज वर्षा ऋतु का स्वागत करेंगे। हरेली के दिन खेती का काम पूरी तरह बंद रहेगा।

**अंधश्रद्धा समिति चलाएगी अभियान :** अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के सदस्य हरेली अमावस्या की रात को ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय भ्रमण कर लोगों को टोनही, भूत-प्रेत का खौफ हटाने के लिए जागरूक करेंगी। समिति सदस्य रात्रि 10.00 बजे से रात्रि 3.00 बजे तक रायपुरा, अमलेश्वर, काठाडीह, कोपेडीह, मोहदा, झींट, भाठागांव समेत अन्य क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे।

### आज दोपहर 3 बजकर 50 मिनट पर प्रारंभ होगी अमावस्या तिथि

भगवान शिव और देवी पार्वती को समर्पित सावन माह का विशेष महत्व है। इस दौरान व्रत रखने और देवी-देवताओं की आराधना करने से प्रत्येक साधक को मनोवांछित फल की भी प्राप्ति होती है। हालांकि इस बार सावन का पूरा महीना बेहद खास होता है, क्योंकि इस दौरान विभिन्न व्रत, त्योहार और योग का महासंयोग बनता है, जिससे श्रावण मास का महत्व अपने आप में और बढ़ जाता है। पंचांग के अनुसार, हरियाली अमावस्या या सावन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि 3 अगस्त को दोपहर 3 बजकर 50 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 4 अगस्त को शाम 4 बजकर 42 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में सूर्योदय के बाद से तिथि की गणना की जाती है। अतः 4 अगस्त को हरियाली अमावस्या मनाई जाएगी। ज्योतिषियों की मानें तो हरियाली अमावस्या पर दुर्लभ शिववास योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का निर्माण सुबह से हो रहा है। भगवान शिव संध्याकाल 4 बजकर 42 मिनट तक जगत की देवी मां गौरी के साथ रहेंगे। इस समय तक पूजा, जप-तप और दान-पुण्य कर सकते हैं।

### दोपहर 1 बजकर 26 मिनट तक रहेगा रवि पुष्य योग

हरियाली अमावस्या के दिन रवि पुष्य योग बन रहा है। यह योग सुबह 5 बजकर 44 मिनट से दोपहर 1 बजकर 26 मिनट तक रहेगा। रविवार के दिन जब पुष्य नक्षत्र होता है तो उस समय रवि पुष्य योग बनता है। पुष्य नक्षत्र को उच्च उपज, पोषण, देखभाल, ऐश्वर्य, सौभाग्य आदि के लिए जाना जाता है। इस योग में आप जो भी कार्य करेंगे, उसके शुभ फल आपको प्राप्त होंगे। पितृ तर्पण और ग्रह दोषों से मुक्ति के लिए कई उपाय भी इस दिन किए जाएंगे।



# धर्म तक पहुंचने का साधन शरीर इसे संभालना सर्वाधिक आवश्यक

आहार ग्रहण करना जरूरी, लेकिन बनी रहे शरीर की स्वस्थता

रायपुर। विवेकानंद नगर स्थित श्री संभवनाथ जैन मंदिर में शुक्रवार को तपस्वी प्रियदर्शी विजयजीने कहा कि आप किसी भी चीज के वर्तमान स्वरूप को ही देखते हैं। जब इसके भावी सड़ने और गलने के स्वभाव को जानकर समझोगे और राग द्वेष से परे होकर रहोगे तब आपके जीवन में विशेषज्ञता आएगी और धर्म की आपको प्राप्ति होगी। धर्म का सबसे पहले साधन शरीर है। शरीर को संभालना जरूरी है। इसके लिए आहार ग्रहण करना भी जरूरी है, लेकिन शरीर की स्वस्थता बनी रहे और यह राग-द्वेष से भी बचे रहे, इस प्रकार के आहार को ग्रहण करें। यह जीवन में विशेषज्ञता होने से होगा।

### दूसरों को तुच्छ समझने की ना करें भूल

*उन्होंने कहा कि हम जीवन में अहंकार को लेकर घूमते हैं। किस चीज का अहंकार है, यह सोचनीय है। हमारे पास ऐसा क्या है? यदि सोचते हैं कि बहुत पैसा है, बहुत रूप है, बहुत अच्छा प्रवचन है, तो दुनिया भर में नजर घुमाएंगे तो हमें अपनी हैसियत पता चल जाएगी। फिर किस बात का अहंकार है? मुनिश्री ने कहा कि एक युवक सद्गुरु से मिलने आश्रम पहुंचा तो सद्गुरु ने पूछा कौन है? युवक ने कहा मैं हूं। ऐसा बार-बार हुआ तो सतगुरु ने कहा मैं को बाहर रखकर अंदर आओ। यदि परम तत्व की प्राप्ति करनी है तो आपको अपने आपको पहचानना होगा, मैं का त्याग करना होगा। इस दुनिया में वही तुच्छ है जो दूसरों को तुच्छ समझने की भूल करता है। जो ये सोचता है कि दुनिया में मैं ही सर्वश्रेष्ठ हूं बाकी सब तुच्छ है तो यह दिमाग में भरी हुई तुच्छता ही है।*

# जीवन को राममय बनाना है तो सीखना होगा लक्ष्मण का समर्पण

सीता का त्याग और रावण की अडिगता



बच्चों को गर्भावस्था से ही दें आदर्शों की शिक्षा

रायपुर। दादाबाड़ी में चल रहे आत्मस्पर्शी चातुर्मास के प्रवचन श्रृंखला में शुक्रवार को श्री विरागमुनि ने कहा, जीवन को राममय बनाना है तो राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना होगा। लक्ष्मण से भाई के प्रति समर्पण सीखना होगा और माता सीता से उनका त्याग सीखना होगा। वैसे ही हमें शिवाजी की माता जीजाबाई से भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। शिवाजी जब अपनी माता के गर्भ में थे तो उस समय भारत में मुगल शासक औरंगजेब का शासन हुआ करता था। जीजाबाई औरंगजेब का मुकाबला करना चाहती थी और उसका शासन खत्म करना चाहती थी। वह अपने गुरु के पास जाती है और उनसे कहती है कि औरंगजेब का अत्याचार लगातार बढ़ता जा रहा है और मैं इसे खत्म करना चाहती हूं, क्योंकि यह मुझसे देखा नहीं जा रहा है। गुरुजी मैं क्या कर सकती हूं? मुझे बताओ मैं तन-मन-धन से जो कर सकती हूं करूंगी। गुरु ने कहा अभी तुम गर्भवती हो तुम अभी कुछ मत करो, लेकिन तुम्हारी आने वाली संतान को तैयार करो कि वह इस कुशासन से लड़ सके और इस अत्याचार को खत्म कर सके। तुम्हारे पास अभी 9 महीने हैं। इन महीनों में तुम मेरे पास आना मैं तुम्हें रामायण का पाठ सुनाऊंगा, जिससे कि आने वाली तुम्हारी संतान वीरता और अदम्य साहस के साथ जन्मेगा। रामायण में राम का चरित्र अगर तुम्हारी संतान की शिक्षा में आ गया तो वह तुम्हारे सपने को आसानी से पूरा कर लेगा।

### 21 दिवसीय दादा गुरूदेव इकतीसा 8 अगस्त से

आत्मस्पर्शी चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पारस पारख और महासचिव नरेश बुरड़ ने बताया कि दादाबाड़ी में 8 अगस्त से 21 दिवसीय दादा गुरूदेव इकतीसा शुरू होने जा रहा है, जो 29 अगस्त तक चलेगा। गुरूवार, 8 अगस्त को सुबह 8 बजे गुरू प्रतिमा, कलश, अखंड दीपक एवं तोरण स्थापना होगी और प्रतिदिन रात 8.30 से 9.30 बजे तक गुरू इकतीसा जाप होगा। साथ ही प्रतिदिन 6 ड्रॉ निकाले जाएंगे, जिसमें 5 ड्रॉ के साथ 1 गोल्ड क्वॉइन बम्पर ड्रॉ होगा। दादाबाड़ी में प्रतिदिन सुबह 8.45 से 9.45 बजे मुनिश्री की प्रवचन श्रृंखला जारी है।

## रक्षाबंधन के लिए खास मिष्ठान तैयार करने पखवाड़े भर पहले से ऑर्डर

# मिठाइयों में शहद और नारियल के दूध का इस्तेमाल, इस बार खजूर और सूखे मेवों से बने मिष्ठान रहेंगे तोहफों का हिस्सा

कार्नर न्यूज

रायपुर। प्रत्येक वर्ष राखी से पखवाड़े पहले ही दुकानों में खरीदारी शुरु हो जाती है। इस वर्ष भी यूनिक हैंडमेड राखियों की डिमांड सबसे अधिक है। इसके साथ ही लोग अपने हेल्थ का ध्यान में रखते हुए, शुगर फ्री मिठाई खाना अधिक पसंद कर रहे हैं। दुकान संचालकों के अनुसार इन मिठाइयों को तैयार करने में खरीदारों के हेल्थ का अधिक ध्यान रखा जाता है। जिसमें टेस्ट के साथ हेल्थ को भी प्राथमिकता दी जा रही है। इस वर्ष ड्राईफ्रूट वाली शुगर फ्री मिठाइयों की डिमांड सबसे अधिक है। इसे लोग अपने करीबियों को तोहफे में देने के लिए भी खरीद रहे हैं। इस वर्ष 19 अगस्त सोमवार को राखी का पर्व मनाया जाएगा। इसके पहले ही मिठाई दुकानदारों के पास मिठाई का ऑर्डर दिए जा रहे हैं।





### कुकीज में कोदो, रागी, ज्वार, बाजरा का प्रयोग

एक निजी दुकान संचालक हरजिंदर सिंग ने बताया, बाजार में अधिकतर कुकीज गेंहू से तैयार किए जाते हैं। गेहूं में ग्लूटेन भारी मात्रा में होता है, जो शरीर के लिए फायदेमंद नहीं है। इसके चलते लोगों के हेल्थ को ध्यान में रखते हुए, हेल्दी मिठाई कंपनियों द्वारा बनाई जा रही है। इसमें कोदो, रागी, ज्वार, बाजरा, खपली गेंहू व सोना मोती गेंहू का प्रयोग किया जा रहा है। खपली गेंहू महाराष्ट्र व सोना मोती गेंहू पंजाब का गेंहू है, जिससे लड्डू बनाया जाता है। राखी के लिए खजूर गुलकंद रोल, कोदो लड्डू, बेसन लड्डू, नारियल काजू बटर जैसी मिठाई तैयार की जा रही। जिसे किसी भी मिठाई में घी का प्रयोग नहीं किया जाता, इसे बनाने के लिए शुद्ध नारियल के तेल का प्रयोग किया जाता है। इसकी कीमत 150 से 300 रुपए तक है।

### सज रही शुगर फ्री मिठाइयों की थाल



एक निजी दुकान संचालक प्रतिभा शर्मा ने बताया, ड्राईफ्रूट लड्डू, शुगर फ्री लड्डू, खजूर के लड्डू जैसे अन्य मिठाई बनाई जा रही है। अब तक 10 किलो खजूर के लड्डू लोग खरीद चुके हैं। वहीं राखी के लिए 22 किलो ड्राईफ्रूट लड्डू के ऑर्डर हैं। उन मिठाइयों को प्राथमिकता दी जा रही है, जो बच्चों संग बड़ों को भी पसंद आए। इस वर्ष लोग शुगर फ्री मिठाई के थाल भी तैयार करा रहे हैं। इसे राखी के लिए विशेष रूप से तैयार कराया जा रहा है। इसमें लोग अपनी मनपसंद मिठाई शामिल कर सकते हैं।

### कलाकंद बनाने गुड़ का इस्तेमाल

शंकर नगर स्थित एक कैटरर्स के संचालक प्रतिक राठी के अनुसार छेना मिठाई और संदेश मिठाई सबसे अधिक चलन में है। इसे शहद के साथ तैयार किया जा रहा है, जिसमें नारियल के दूध का भी प्रयोग हो रहा है। इसके साथ ही गुड़ कलाकंद की मिठाई बनाई जा रही है। इसे गुड़ की मदद से तैयार किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

## आंदोलन-आध्यात्मिकता पर आज होगा व्याख्यान

**रायपुर।** समाजसेवी संस्था डॉक्टर्स ऑन स्ट्रीट (दोस्त) और प्रोग्रेसिव यूटिलाइजेशन ऑफ रिसर्च एंड इकोनॉमिक्स (प्योर) द्वारा संयुक्त रूप से 3 अगस्त को राजधानी में एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें आनंदमार्ग संस्था के वरिष्ठ संत आचार्य वंदनानंद अवधूत 'सामाजिक आंदोलन और आध्यात्मिकता' विषय पर व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम टिकरापारा स्थित गुडविल अस्पताल के सेमिनार हॉल में अपरान्ह 3 बजे शुरू होगा। गौरतलब है कि आचार्य वंदनानंद अवधूत विगत लगभग छह दशकों से सामाजिक-आध्यात्मिक आंदोलन से जुड़े हुए हैं।

**निधन**

### संगीता देवी डबलानी



**रायपुर।** श्रीनगर शिवानंद नगर निवासी संगीता देवी डबलानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 अगस्त को सुबह 10 बजे निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे जयकुमार, रविकुमार डबलानी की माता थीं।

### माधुरी शुक्ला



**रायपुर।** पुरानी बस्ती महामाया पारा निवासी माधुरी शुक्ला का 1 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 2 अगस्त को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. पन्नालाल शुक्ला की पत्नी, नितेश, जयेश की माता थीं।

### कमल विलियम



**रायपुर।** पंजाबी कॉलोनी निवासी पूर्व आर्मी अफसर कमल विलियम (84) का 2 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सेंट पॉल्स कैथेड्रल की प्रभु वाटिका में 3 अगस्त को सुबह 12 बजे किया जाएगा। वे पुष्पा विलियम के पति, प्रतीक्षा रॉबिंसन के पिता व आइजक नितिश रॉबिंसन के ससुर थे।

### समुंद साहू



**रायपुर।** रामकुंड पारा निवासी समुंद साहू का 2 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 अगस्त को महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे पूर्व पार्षद स्व. गणेश राम साहू, तोमन सिंह साहू, स्व. डालेश्वर साहू, नारायण साहू, दाऊलाल साहू की माता थीं।

### वासुदेव प्रितवानी



**रायपुर।** लाखेनगर निवासी वासुदेव प्रितवानी का 2 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 अगस्त को सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे राकू प्रितवानी के पिता और रिषभ प्रितवानी के दादाजी थे।

### सरोज यादव



**रायपुर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर सेक्टर-4 निवासी सरोज यादव (78) का 2 अगस्त को निधन हो गया। वे विद्याराम यादव की पत्नी एवं संदीप यादव की माता थीं।

### शेख अमीर



**रायपुर।** एफसीआई के सेवानिवृत्त कर्मचारी शुक्रवारी बाजार गुढ़ियारी निवासी शेख अमीर (83) का 1 अगस्त की रात निधन हो गया।उन्हें 2 अगस्त को मौदहापारा कब्रिस्तान में असर की नमाज के बाद सुपुर्द खाक किया गया। वे एफसीआई के सेवानिवृत्त कर्मचारी शफी मोहम्मद के भाई, पत्रकार शेख इस्माइल, शेख अनवर के पिता थे।

# अवधि पूरी नहीं और जीपीसी ट्रेकर कंपनी बिस्तर समेटने की तैयारी में, बौराए निजी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**अलग खबर**

- जिन कंपनियों को परिवहन विभाग लिस्टेड करती है, उनका ही ट्रेकर लगाना होता है अनिवार्य
- सरकार बदलने के साथ ही पुरानी कंपनियों को हटाने की तैयारी, कीमतों में भी वृद्धि

निजी स्कूलों द्वारा संचालित बसों तथा अन्य गाड़ियों में लगाए जाने वाले जीपीएस को लेकर संकट की स्थिति निर्मित हो गई है। स्कूली बस में सवार छात्रों की सुरक्षा की दृष्टिकोण से इन वाहनों में जीपीएस लगाया जाना अनिवार्य है।

स्कूलों द्वारा उन्हीं कंपनियों का जीपीएस अपने वाहनों पर लगाया जा सकता है, जिन्हें परिवहन विभाग द्वारा पंजीकृत किया गया हो। पूर्व सरकार के शासनकान में जिन कंपनियों को पंजीकृत किया गया था, स्कूलों द्वारा उनका जीपीएस अपने वाहनों में लगाया गया था, उनमें से कई अब अपनी बैंक गारंटी वापस लेकर व्यवसाय बंद करना चाहती है। इस स्थिति में प्रदेशभर के निजी विद्यालयों को फिर से अपने वाहनों में जीपीएस लगाना होगा। इसके कारण निजी विद्यालयों को आर्थिक नुकसान उठाना होग। स्कूलों के मुताबिक, इस स्कूलों के बैंक गारंटी वापस लेने से और अपना व्यवसाय बंद करने से उस कंपनी का जीपीएस शून्य हो जायेगा और यह उस कंपनी द्वारा वाहन संचालकों के साथ धोखाधड़ी है। जीपीएस शून्य होने पर नई कंपनी का जीपीएस लगवाना पड़ेगा जो कि वाहन स्वामी पर अतिरिक्त भार है। इसलिए निजी स्कूलों द्वारा मांग की गई है कि जो कंपनी जीपीएस का व्यवसाय नहीं करना चाहती उसकी बैंक गारंटी को रोकें तथा उसे किसी अन्य कंपनी में पोर्ट किया जाए, ताकि स्कूलों को नुकसान ना हो।




### सभी का था पंजीयन

निजी स्कूलों का कहना है कि उन्होंने अपने बसों एवं टैक्सी में जीपीएस लगाया गया है, चूंकि यह सारी कंपनी छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग से जीपीएस का व्यसाय करने के लिए पंजीकृत थी, इसलिए वाहन स्वामियों द्वारा छत्तीसगढ़ शासन पर भरोसा कर अपनी बसों पर यह जीपीएस लगवाया गया, लेकिन अब इनमें से कुछ कंपनी अपना व्यवसाय बंद करना चाहती है और छत्तीसगढ़ परिवहन से जो जमा की गई बैंक गारंटी है वह वापस लेना चाहती है।

### 5 वर्ष का अनुबंध

जीपीएस के लिए सामान्यतः पांच वर्षों का अनुबंध होता है। जो कंपनियां बंद होने वाली हैं, उनमें से किसी का एक वर्ष तो किसी के दो वर्ष ही सेवा के पूर्ण हुए हैं। ऐसे में शेष वर्षों का नुकसान भी उठाना होगा। सूत्रों के अनुसार, कई कंपनियों के पंजीकृत होने के कारण पांच वर्ष के जीपीएस की लागत 6 से 7 हजार रूपए ही आती है। लेकिन अन्य कंपनियों के बंद होने तथा एक-दो के हाथ में ही संचालन देने से प्रतियोगिता कम हो जाएगी और 13 से 14 हजार तक का भुगतान निजी स्कूलों को करना होगा।

## डीकेएस में मरीजों को पेइंग वार्ड की सुविधा देने 16 करोड़ के प्रोजेक्ट का ऐसा हाल

# छात्रों-चिकित्सकों के लिए हॉस्टल बनाने 50% भी नहीं मिला फंड, दो साल से अटकी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**खास खबर**

शहर के सुपर स्पेशयालिटी अस्पताल डीकेएस में पढ़ने वाले एमसीएच छात्रों ही नहीं, इन्हें पढ़ाने वाले चिकित्सा प्रोफेसर्स को भी हॉस्टल की नई सुविधा देने की मुहिम 50 फीसदी भी फंड नहीं मिलने से रुकी हुई है। इस प्रोजेक्ट के फंसने से अस्पताल में दूर-दराज से इलाज कराने आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को भी पेइंग वार्ड की सुविधा के लिए अभी इंतजार करना होगा, क्योंकि दो साल पहले बनाए गए 16 करोड़ के प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए अभी सिर्फ एक करोड़ की मंजूरी मिली है।

राजधानी में सुपर स्पेशयालिटी डीकेएस में एमसीएच कोर्स करने वाले 18 छात्रों को अस्पताल परिसर में आवास की सुविधा देने को लेकर विगत दो साल से जारी प्रयास अब पर्याप्त फंड नहीं मिलने से फंसने वाला है। सूत्रों के मुताबिक करीब सालभर पहले आठ मंजिला हॉस्टल बनाने के लिए शासन को करीब 16 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया था। इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए अप्रैल में शासन ने पहले बजट में छात्रों व 24 प्रोफेसर्स के लिए हॉस्टल बनाने के लिए हरी झंडी दिखाते हुए काम शुरू करने के लिए एक करोड़ की मंजूरी दी। हॉस्टल बनाने की कवायद छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससीएल) ने अभी तक इसलिए भी शुरू नहीं की है, क्योंकि 50 फीसदी भी बजट नहीं मिला है।



### जगह तय, नहीं शुरू हुआ काम

हॉस्टल बनाने के लिए प्रबंधन ने अस्पताल के पास राज्य मानवाधिकार आयोग के अपोजिट साइड स्थित गार्डन की जमीन को तय किया है।इसे बनाने के लिए शुरू की गई तैयारी फंड के अभाव में एक बार फिर ठंडे बस्ते में चली गई है। अस्पताल परिसर में ही रहने की सुविधा देने के लिए अभी एमसीएच छात्रों और चिकित्सा प्रोफेसर्स को डीकेएस के ही ऊपरी माले पर रहने की सुविधा प्रबंधन को देनी पड़ रही है।इसके चलते सुपर स्पेशयालिटी में पेइंग वार्ड की सुविधा का अभाव बना हुआ है। इसकी बेहतरी के लिए की गई कवायद भी फाइलों में है।

### पर्याप्त फंड नहीं होने से रुका...

छात्रों व चिकित्सा प्रोफसर्स के लिए हॉस्टल बनाने के लिए दो साल पहले करीब 16 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया था। इसके लिए अप्रैल में सिर्फ एक करोड़ की मंजूरी मिली है। पर्याप्त फंड नहीं होने से काम शुरू नहीं हुआ है।

**- डा. हेमंत शर्मा,** उप अधीक्षक, डीकेएस, रायपुर

### इन सुविधाओं का प्रावधान

प्रोजेक्ट में छात्रों व चिकित्सा प्रोफेसर्स को एक ही बिल्डिंग में रहने की सुविधा देने का प्रावधान है। इसमें छात्रों के लिए 30 से ज्यादा कमरों में लेट-बॉथ अटैच मिलेगा। इसमें ही किचन की सुविधा होगी। हॉस्टल में सभी छात्रों को अलग-अलग कमरे मिलेंगे। इससे वे पढ़ाई के साथ अस्पताल में जरूरत के अनुरूप सेवा दे सकेंगे। मौके पर ही 24 से ज्यादा प्रोफेसर्स का आवास होने से वे फैमिली के साथ रह सकेंगे। छात्रों को इससे पढ़ाई के लिए तालमेल बनाने में आसानी होगी। अभी इन छात्रों को अस्पताल के ऊपरी माले पर रहने की सुविधा प्रबंधन दे रहा है।

### दूरदराज से आने वालों को...

सूत्रों ने बताया कि अस्पताल के करीब 48 कमरे खाली होने से इनका उपयोग दूर-दराज से गंभीर बीमारी का इलाज कराने के लिए आने वालों और उनके परिजनों को दोहरी सुविधा मिलती। अभी आर्थिक रुप से सक्षम लोगों को किराए का कमरा लेकर इलाज के लिए बार-बार आना-जाना पड़ता है। पेइंग वार्ड की सुविधा मिलने से मरीज के साथ रहने वाले अटेंडर भी उनकी देखभाल कर सकते हैं। अभी एक मरीज के साथ दो से तीन लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इससे इलाज के अलावा रहने व परिवहन का खर्च भी बढ़ता है।

# तेलीबांधा शूटआउट मामले में पुलिस ने की आठवीं गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- आरोपी को पुलिस हरियाणा सिरसा से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लेकर आई
- गिरफ्तार आरोपी पर शूट करने पिस्टल उपलब्ध कराने का आरोप

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पिछले माह हुए कारोबारी ग्रुप के कार्यालय के बाहर कार में फायरिंग मामले में पुलिस घटना में शामिल आठवें आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लाई है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल करा दिया है। गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ पुलिस ने हत्या की कोशिश तथा आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक शूट आउट मामले में हरियाणा, सिरसा निवासी जसवंत सिंह उर्फ बग्गू को गिरफ्तार किया गया है। जसवंत पर आरोप है कि उसने शूट आउट की घटना में शामिल बदमाशों को पिस्टल उपलब्ध कराया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल पिस्टल जब्त की है। गौरतलब है कि शूट आउट मामले में शामिल एक अन्य बदमाश विक्रम को झारखंड पुलिस ने अपने यहां के एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस विक्रम से पूछताछ करने प्रोटेक्शन वारंट पर रायपुर लाने की बात कह रही है।विक्रम का अब तक पुलिस ने प्रोटेक्शन वारंट हासिल नहीं किया है। विक्रम को लेकर रायपुर पुलिस झारखंड पुलिस के संपर्क में है। साथ ही उसके अपराध के बारे में झारखंड पुलिस से जानकारी हासिल कर रही है।

### घटना के बाद शूटरों ने पिस्टल लौटाई

पुलिस के अनुसार शूटआउट की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश वापस हरियाणा पहुंचे और शूटआउट में इस्तेमाल पिस्टल जसवंत को लौटा दी थी। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक पिस्टल उपलब्ध कराने के एवज में अमन साव गैंग के बदमाशों ने जसवंत के अकाउंट में पैसे ट्रांसफर भी किए हैं। जसवंत के अकाउंट में कितनी रकम ट्रांसफर की गई है, इस बात की जानकारी फिलहाल नहीं मिल पाई है।

# जेल से छूटे हिस्ट्रीशीटर ने राह चलते लोगों पर ब्लेड से किया हमला



- अरिहंत हाईट्स सोसाइटी के आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन
- एक गंभीर रूप से घायल, आरोपी को पुलिस ने लिया हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाश ने जेल से छूटने के बाद तीन से चार लोगों पर ब्लेड से हमला किया। ब्लेड के हमले से एक युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया है, जिसका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना के बाद रहवासियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घायल की एमएलसी रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

पुलिस के मुताबिक ब्लेड से हमला करने के आरोप में छोटू उर्फ वासू निषाद को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार छोटू ने अरिहंत हाईट्स भैरव सोसाइटी में रहने वाले अनिमेष मंडल सहित कई अन्य पर ब्लेड से हमला किया है। जिन अन्य लोगों पर छोटू ने ब्लेड से हमला किया है, वो शिकायत दर्ज कराने थाना नहीं पहुंचे हैं। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। बताया जा रहा है, अनिमेष पैदल जा रहा था, इस दौरान छोटू बाइक से आकर उस पर तथा अन्य पर ब्लेड से हमला कर मौके से फरार हो गया।

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अनिमेष के साथ पुराना विवाद होने की वजह से छोटू ने उस पर ब्लेड से हमला किया है। छोटू पांच दिन पूर्व एनडीपीएस एक्ट के एक मामला में जेल से जमानत पर छूटा है।

# छत्तीसगढ़ नगर में बनेगा गार्डन सीसी रोड, कैमरे भी लगेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के शहीद पंकज विक्रम वार्ड अंतर्गत छत्तीसगढ़ नगर स्थित आंबेडकर चौक में गार्डन का निर्माण होने जा रहा है।

यह गार्डन हरा-भरा के साथ सुविधाजनक होगा। इसमें छायादार पौधों के साथ लोगों की एक्सरसाइज के लिये ओपन जिम स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा लोगों के बैठने के लिए सीमेंट की चेयर, पैदल चलने के लिए चारो तरफ पेवर ब्लॉक व गार्डन के बाहर सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। साथ ही लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से गार्डन में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।

### 19 लाख की लागत से बनेगा गार्डन

वार्ड पार्षद निशा देवेंद्र यादव ने बताया कि गार्डन निर्माण के लिए 19 लाख रुपए की राशि स्वीकृत है। इसके अलावा सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए स्वीकृत किया गया है। इन दोनों निर्माण के लिए शुक्रवार को भूमिपूजन किया है। उन्होंने बताया कि पिछले कार्यकाल में वार्ड के टैगोर नगर क्षेत्र में चार नया गार्डन बनाया गया था, वहीं धरम नगर बस्ती में एक गार्डन बनाया गया था। इसके बाद छत्तीसगढ़ नगर में लोगों की मांग पर गार्डन बनाया जा रहा है। इस गार्डन के बनने से क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा मिलेगा। गार्डन में रोज सुबह-शाम लोग ताजी हवा और वॉक करने के साथ एक्सरसाइज भी कर सकेंगे।

# लावारिस शव का किन्नर बने सहारा, किया अंतिम संस्कार

- महिला का कोई परिजन या रिश्तेदार सामने नहीं आया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अज्ञात एवं लावारिस शवों को मुक्ति दिलाने के लिए अब किन्नर सहारा बन रहे हैं। सेवा समिति सुराज जनकल्याण सोसाइटी से जुड़े किन्नरों ने शुक्रवार को लावारिस महिला के शव को मुखाग्नि देकर उसका अंतिम संस्कार किया।

शव का अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में पुलिस की मौजूदगी में किया गया। बताया गया कि शव एक बुजुर्ग महिला अहिल्या बाई भारती का था, जिसका पिछले कई दिनों से आंबेडकर अस्पताल में इलाज चल रहा था। महिला का कोई परिजन या रिश्तेदार सामने नहीं आया, इसलिए मृत्यु के बाद शव को मरच्यूरी में रखा गया था। दो दिन तक मरच्यूरी में रखने के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।





### पुलिस से मिली समिति को सूचना

वृद्धा का शव मरच्यूरी में पिछले दो दिन से पड़ा हुआ था। सिविल लाइंस पुलिस ने इसकी सूचना सुराज समिति को दी, जिसके बाद समिति से जुड़े करीब 7-8 किन्नरों ने मिलकर शव का अंतिम संस्कार किया। समिति के अध्यक्ष प्रीतम सभापति महानंद ने बताया कि समिति का गठन समाज की सेवा के रूप में किया गया है। समिति में पदाधिकारी, कार्यकारिणी सहित 50 सदस्य हैं। इसमें ज्यादातर किन्नर हैं। समिति अज्ञात एवं लावारिस शव से लेकर जानवरों तक का अंतिम संस्कार कर चुकी है। कोविडकाल से लेकर समिति 9 अज्ञात व लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कर चुकी है। यह 10वां अंतिम संस्कार है।

### खुद के खर्च पर अंतिम संस्कार

समिति के कार्यकारिणी सदस्य सूरज यादव ने बताया कि ऐसे शवों का पुलिस की मौजूदगी में ही अंतिम संस्कार किया जाता है। इस दौरान जो भी खर्च होता है, वह समिति वहन करती है। इसके लिए समिति के सदस्यों के अलावा कई दानदाता भी आगे आते हैं, जो अंतिम संस्कार में खर्च होने वाली राशि में भागीदारी निभाकर पुण्य कमाते हैं।

### बेघर परिवारों को आवास दिलाने का भी प्रयास

समिति के लोगों ने बताया कि समिति बेघर गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने का भी प्रयास करती है। इसके तहत अब तक दो परिवारों को आवास योजना अंतर्गत फ्लैट दिलाया गया है। उनका कहना है कि समिति का मुख्य उद्देश्य बेसहारा व लावारिस लोगों की मदद करना है, चाहे वह जीवित हो या मृत्यु हो चुकी हो।

# देश के 60 अस्पतालों में सरकारी कर्मचारी करा सकेंगे इलाज

- फेडरेशन ने स्वास्थ्य मंत्री का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारी अब देश के नामी 60 अस्पतालों में अपना और अपने परिवार का इलाज करा सकेंगे। राज्य सरकार ने कर्मचारियों के इलाज के लिए राज्य के बाहर के अस्पतालों की लिस्ट जारी की है।

बताया गया है कि पहली बार राज्य के बाहर के इतनी ज्यादा संख्या में अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा इसे लेकर काफी दिनों से प्रयासरत थे। राज्य सरकार ने जो सूची जारी की है, उसमें 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक इन अस्पतालों में इलाज कराने की मान्यता राज्य सरकार की तरफ से दी गयी है।

### गंगाराम दिल्ली, वेल्लोर, मेदांता, मैक्स अस्पताल शामिल




स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कर्मचारियों और उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार के लिए राज्य के बाहर के कुल 60 अस्पतालों की लिस्ट जारी की है। दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल, सीएमसी वेल्लोर सहित मेदांता, मैक्स जैसे बड़े अस्पतालों के भी नाम सूची में हैं। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने 20 मई को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को पत्र लिखा था। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए लिखा था कि मान्यता प्राप्त अस्पतालों की जो पिछली सूची 7 मार्च 2024 को जारी की गयी थी, उसमें 103 प्राइवेट अस्पताल में से बाहर के अस्पतालों की संख्या सिर्फ तीन थी। कमल वर्मा ने स्वास्थ्य मंत्री को लिखे पत्र में कहा था कि राज्य के बाहर के अस्पतालों को मान्यता नहीं दिये जाने से बाहर के अस्पतालों में इलाजरत कर्मचारियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। कमल वर्मा की तरफ से सर गंगाराम अस्पताल,मेदांता, जसलोक, सीएमसी वेल्लोर, शंकर नेत्रालय, अपोलो चेन्नई, एस्कार्ट्स, लीलावती, बांबे हास्पीटल, नानावटी जैसे अस्पतालों की सूची भी दी थी।

# पूर्व विधायक के निधन की सूचना विधानसभा को नहीं, अब कलेक्टरों को सरकार ने चेताया

- सामान्य प्रशासन ने कलेक्टरों को भेजा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हाल में हुए विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान एक पूर्व विधायक की मृत्यु की जानकारी समय पर विधानसभा सचिवालय को नहीं दी गई थी। इस मामले में विधानसभाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नाराजगी दिखाई थी।

इस मामले को लेकर अब राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश दिया है कि भविष्य में राज्य के पूर्व, वर्तमान सांसदों तथा विधायकों एवं अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा के छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित भूतपूर्व सदस्यों के निधन होने की स्थिति में उसकी सूचना निर्धारित प्रपत्र पर उनसे जीवन परिचय सहित अविलंब पत्र, फैक्स एवं दूरभाष के माध्यम से यथास्थिति लोक सभा, राज्य सभा, विधानसभा सचिवालय को भेजी जाये तथा उसकी प्रतिलिपि सामान्य प्रशासन विभाग को भी अनिवार्य रूप से भेजी जाए।

### कहा- कलेक्टर कार्यालय नहीं रखते हैं ध्यान

#### याद दिलाया 20 साल पुराना निर्देश

सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के सभी कलेक्टरों को याद दिलाया है कि अब से पहले 2005 से लेकर 2017 तक सात बार ये निर्देश जारी किए गए हैं कि लोकसभा, राज्यसभा के सदस्यों, विधायकों पूर्व एव वर्तमान के निधन की सूचना बिना देर किए विधानसभा सचिवालय को दी जानी है। इसी क्रम में एक और ताजा निर्देश भी जारी किया गया है।




### भविष्य में न हो देर

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि अभी हाल ही में विषयांन्तर्गत सूचनायें कतिपय जिलों से समय पर विधान सभा सचिवालय को प्राप्त नहीं हुई है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि इस हेतु कहीं-कहीं प्रभावी व्यवस्था का अभाव है, यह स्थिति उचित नहीं है। इसलिए भविष्य में इस प्रकार की सूचना दिये जाने में विलंब न हो। साथ ही यह भी देखा गया है कि उपरोक्त सूचना दिये जाने के संबंध में कलेक्टर कार्यालय द्वारा प्रेषण प्रणाली का ध्यान नहीं रखा जाता है। इस प्रकार की त्रुटियों होने से निधन संबंधी सूचना, जानकारी निर्धारित समयावधि में गंतव्य कार्यालयों को ना मिल पाने से गरिमामयी कार्यप्रणाली प्रभावित होती है।

## खबर संक्षेप

### पं. शुक्ल की जयंती पर किया नमन



**रायपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल तथा झीरम घाटी के शहीद, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. पं. विद्याचरण शुक्ल की जयंती शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय के सामने और छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के केंद्रीय कार्यालय, शुक्ल भवन, बूढ़ापारा में पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। इस दौरान पं. रविशंकर शुक्ल अमर रहें, विद्या भैया अमर रहें का जयघोष किया गया। वरिष्ठ नेताओं ने अपने उद्बोधन में पं. रविशंकर शुक्ल द्वारा स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में उनकी भूमिका, प्रथम मुख्यमंत्री बनने के पश्चात शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, भिलाई स्टील प्लांट सहित उद्योग आदि सर्वांगीण विकास पर विचार व्यक्त किए। पुष्पांजलि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, गांधी विचारक रमेशचंद्र शुक्ल, परिषद महामंत्री रामअवतार देवांगन, प्रवक्ता नितिन कुमार झा, प्रमोद तिवारी, सतीश जग्गी, पूर्व महापौर एवं सभापति प्रमोद दुबे, महापौर एजाज ढेबर, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, डॉ. उदयभान सिंह चौहान, अनुपम शुक्ला, मनोज सिंह ठाकुर, सुरेश उपाध्याय, डॉ. आभा मरकाम, विकास गुप्ता, शिरीष अवस्थी, शरद शुक्ला उपस्थित थे।

# रेलवे ट्रैक पर रील्स बनाने वालों को होगी जेल और जुर्माना, अब आरपीएफ और तीसरी आंख से नहीं बच पाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

युवाओं में सेल्फी और रील बनाने का क्रेज बढ़ता जा रहा है, जिसके कारण लोग नई-नई जगहों पर रील बनाने जाते हैं और कई बार हादसों का भी शिकार हो जाते हैं। ऐसे लोगों पर शिकंजा कसने के लिए रेलवे सुरक्षा बल अब सीधे कार्रवाई करेगा। इसके लिए रेलवे स्टेशन और ट्रैक पर सेल्फी और रील बनाने वालों पर नजर रखी जाएगी। जैसे ही कोई ऐसा करता मिलता है, तो उसे आरपीएफ के जवान पकड़कर सीधे थाने लेकर जाएंगे, जहां ऐसे लोगों को भारी भरकम जुर्माने के साथ जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है। रेलवे प्रशासन ने ऐसे स्पाट चिन्हित किए हैं, जहां लोग सेल्फी और रील बनाते हैं। इन स्थानों पर सीसीटीवी से नजर रखी जाएगी। साथ ही आरपीएफ के जवानों को भी तैनात किया जाएगा। स्टेशन परिसर और रेलवे ट्रैक पर आरपीएफ की सघन निगरानी रहेगी।

रेलवे पुलिस बल के जवान इन घटनाओं की वीडियो रिकॉर्डिंग भी करेंगे।

## रेलवे सुरक्षा बल ने खतरनाक रेलवे ट्रैक स्टंट के लिए यूट्यूबर को किया गिरफ्तार

### नाबालिगों को भी नहीं मिलेगी छूट

इंस्टाग्राम, वाट्सअप और फेसबुक समेत सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फेमस होने के लिए आजकल के युवा बड़ी संख्या में रेलवे स्टेशन या ट्रैक के आसपास रील बनाते नजर आते हैं। पकड़े जाने पर आरपीएफ अब तक इन्हें समझाइश देकर छोड़ देती थी, लेकिन अब ऐसे लोगों को छूट नहीं मिलेगी, उन पर सख्त कार्रवाई होगी। आरपीएफ का सख्त निर्देश है कि ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों पर अधिकतम सजा सुनिश्चित करने के लिए मुकदमा चलाया जाएगा। महानिदेशक आरपीएफ ने जनता से ऐसी गतिविधियों में शामिल न होने की अपील की है।



### यूट्यूबर को उत्तर प्रदेश से किया गिरफ्तार

रेलवे सुरक्षा बल ने रेलवे ट्रैक के साथ आपराधिक छेड़छाड़ करके सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालने के आरोप में एक यूट्यूबर को गिरफ्तार किया है। ट्विटर पर वायरल वीडियो में एक व्यक्ति को रेलवे ट्रैक पर विभिन्न प्रकार की वस्तुएं रखते हुए दिखाया गया था, जिसके बाद तत्काल जांच की गई। आरोपी गुलजार शेख ने अपने यूट्यूब चैनल पर 250 से अधिक वीडियो अपलोड की हैं और उसके 2 लाख से अधिक सब्सक्राइबर हैं। उसकी ऑन-कैमरा गतिविधियों ने रेलवे सुरक्षा और संचालन दोनों के लिए एक बड़ा जोखिम पैदा किया। आरपीएफ और स्थानीय पुलिस की एक संयुक्त टीम ने आरोपी को खांडरौली गांव, सोरांव (इलाहाबाद), उत्तरप्रदेश में उसके निवास से गिरफ्तार किया।

# स्टील उद्योग को मिली अरबों रुपए की छूट के षड़यंत्र व हिस्सेदारों का हो खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्टील उद्योगों को कांग्रेस सरकार में लोड फैक्टर में दी गई छूट को लेकर अब तरह-तरह की बातें सामने आने लगी हैं। इस मामले में छत्तीसगढ़ प्रदेश उपभोक्ता संरक्षण परिषद के अध्यक्ष मोहन एंटी का कहना है, स्टील उद्योगों को मिली अरबों रुपए की छूट के षड़यंत्र व हिस्सेदारों का खुलासा होना चाहिए। सिर्फ एक वर्ग के उपभोक्ता समूह को इस तरह अचानक और रहस्यमय ढंग से तीन गुना छूट देना इस समूह के प्रति विशेष कृपा को इंगित करता है। इससे यह सवाल उठता है कि अरबों रुपए की छूट की राशि का बंटवारा किनके बीच हुआ। इसी के साथ स्टील उद्योगपतियों को विद्युत दरों में राहत देने का विचार करने के पहले प्रदेश के लाखों घरेलू उपभोक्ताओं और छोटे व्यापारियों को राहत देने पर विचार करना चाहिए। श्री एंटी ने कहा, वैसे भी विद्युत विनियामक आयोग एक संवैधानिक संस्था है। उसकी कार्यप्रणाली न्यायिक प्रक्रिया की तरह संचालित होती है। उपभोक्ताओं के किसी वर्ग को यदि शिकायत होती है तो उनके पास न्यायिक प्रक्रिया के तहत यह अधिकार होता है कि उच्च न्यायिक संस्थाओं में अपील कर सके। उन्होंने कहा, सामान्यतः गृहस्थ और सामान्य व्यापारी वर्ग नियामक आयोग जैसी संस्था के निर्णय को मानता है और विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण करने वाली संस्थाओं के साथ ही राज्य शासन से मिलने वाली मदद का सम्मान करता है।

■ घरेलू और छोटे व्यापारियों को सस्ती बिजली देने पर पहले हो विचार : मोहन एंटी



### बिजली ज्यादा महंगी होने का सरकार ने रखा ध्यान

श्री एंटी ने कहा, विगत वर्षों में बड़ी मंहगाई की तुलना में वैसे भी प्रदेश में बिजली ज्यादा महंगी न हो, इसका ध्यान स्वयं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रखा है और राज्य शासन की ओर से 1000 करोड़ रुपए का विशेष अनुदान देकर मदद की है। स्टील उत्पादकों को विगत चार वर्षों में जो अतिरिक्त सुविधा दी गई है, उसका भार कहीं न कहीं घरेलू तथा छोटे व्यापारी तथा व्यवसायियों पर पड़ता है। इसलिए एक तो स्टील उत्पादकों की दी जा रही छूट का युक्तियुक्तकरण करते हुए लोड फैक्टर में छूट को 25 से 10 प्रतिशत किया जाना स्वागत योग्य है।

### आज डिप्टी सीएम के साथ उद्योगों की बैठक

छत्तीसगढ़ स्पंज आयरन एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल नचरानी के मुताबिक डिप्टी सीएम विजय शर्मा और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के साथ उद्योगों के प्रतिनिधि मंडल की शनिवार शाम छह बजे बैठक होगी।

## बिजनेस साइट

### साईं बाबा आई हॉस्पिटल के डॉ. महोबिया ने आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे की बचाई आंख



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित प्रसिद्ध साईं बाबा आई हॉस्पिटल के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष महोबिया ने एक बार फिर अपनी चिकित्सा कौशल का परिचय देते हुए एक बच्चे की आंखों की सर्जरी सफलतापूर्वक की। बच्चा कोलॉस्टॉमी ओपनिंग और क्लोजर की समस्या के साथ-साथ आरओपी थर्ड स्टेज से भी पीड़ित था। आर्थिक समस्याओं के कारण बच्चे के माता-पिता के पास इलाज के लिए पर्याप्त धन नहीं था। डॉ. महोबिया ने स्थिति को समझते हुए उन्हें तुरंत कॉल किया और बताया कि बच्चे को आरओपी और लेजर उपचार की तत्काल आवश्यकता है। आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि इलाज की प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के पूरी हो। इसके परिणामस्वरूप बच्चे की दृष्टि बच गई और आज वह सामान्य रूप से देख सकता है।

### भारतीय मानक ब्यूरो का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 अगस्त से

**रायपुर।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा 'लर्निंग साइंस वाया स्टैंडर्स' के अंतर्गत मानक क्लब के मेंटर्स और विज्ञान शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 और 7 अगस्त को होटल शेमरॉक ग्रीन्स बॉय जारडीन लभांडी में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र 6 अगस्त को सुबह 10 बजे प्रस्तावित है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न मानक क्लबों के 130 से अधिक विज्ञान संकाय के शिक्षक भाग लेंगे।

## पेज 13 के शेष

### चार बदमाश तीन माह...

निवासी राजेश्वर उर्फ सोमू, गंज, चूना भट्ठी निवासी शेख सरवर तथा पंडरी, दलदल सिवनी निवासी यासीन अली के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई है। जारी आदेश के मुताबिक बदमाशों को 24 घंटे के अंदर रायपुर तथा समीपवर्ती जिला महासमुंद, धमतरी, दुर्ग, बलौदा बाजार जिला क्षेत्र से तीन माह की अवधि के लिए बाहर जाने कहा गया है। जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए इस जिले एवं उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। आदेश का पालन नहीं करने पर बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सोमू निषाद नौ साल...

मारपीट, गुंडागर्दी, लूटपाट, जान से मारने की धमकी देने, छेड़छाड़, वसूली, आर्म्स एक्ट जैसे गंभीर अपराध घटित कर आमजन को आतंकित करने एवं उनके मध्य भय उत्पन्न करने में संलिप्त है। उसके विरुद्ध कुल 12 अपराध और अलग से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई हुई है।

### रेत परिवहन करने वाली...

बजे सीएम निवास तक अर्धनग्न प्रदर्शन के लिए मजबूर है। राजधानी में पत्रकारवार्ता में यह बात संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल, कार्य समिति के सदस्य राजेश मिश्रा ने दी। प्रेस क्लब में उन्होंने कि बताया कि चार साल पहले ओवर लोडिंग के बजाय अंडर लोड परिवहन की पैरवी संघ द्वारा की गई थी। तब शासन-प्रशासन ने यह कहकर खारिज किया कि इससे लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। अब महासमुंद व धमतरी में क्रमशः 21 एवं 58 गाड़ियों पर 38 हजार ही नहीं, बल्कि दो-दो लाख से ज्यादा का जुर्माना करते हुए एफआईआर की गई है। हाईवा मालिकों ने विरोध किया, तो जिले के जिम्मेदारों ने पहले बात करने के लिए बुलाया और बाद में हकालते हुए मांग पत्र लेने से इनकार कर दिया। इसके विरोध में शनिवार को अब चार सूत्रीय मांगों को लेकर उग्र आंदोलन करने के लिए गाड़ी मालिक मजबूर हैं। विरोध में प्रदेशभर में 25 हजार से ज्यादा गाड़ियों से विगत दो दिनों से परिवहन भी बंद किया है। अब सीएम को ज्ञापन देने के लिए अर्धनग्न प्रदर्शन के लिए मजबूर हैं।

### सावन में बिजली की...

खपत पर असर पड़ा है। कुल मिलाकर दो हजार मेगावाट की खपत कम हो गई है। सावन के आने से पहले प्रदेश में मानसून की स्थिति खराब थी और कम बारिश होने के कारण प्रदेश भर में लगातार कृषि पंप चलने के साथ एसी और कूलर भी चल रहे थे। ऐसे में रोज की खपत पीकआवर में 58 सौ मेगावाट तक जा रही थी। एसी और कूलरों पर ही रोज एक हजार मेगावाट से ज्यादा की खपत हो जाती है। इसी के साथ कृषि पंपों पर भी रोज सात सौ मेगावाट तक खपत होती है। इसके अलावा उद्योगों में भी रोज की खपत 500 से 600 मेगावाट होती है। जुलाई के अंतिम सप्ताह की औसत खपत

24 जुलाई 4154
25 जुलाई 4150
26 जुलाई 4070
27 जुलाई 4000
28 जुलाई 4022
29 जुलाई 4119
30 जुलाई 4121
31 जुलाई 3876

### अभ्यास ही बनाता है असरदार : तारवानी



**रायपुर।** सुहिणी सोच संस्था एवं जिला साहू व्यापार प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय स्पीच आर्ट कार्यशाला का रायपुर के होटल किंग्सवे में पहला दिन संपन्न हुआ, जिसमें प्रशिक्षक भाषण देने की कला के बारे में बता रहे हैं। बतौर प्रशिक्षक सीएम चेतन तारवानी ने स्पीच की बारीकियां बताईं, जिसमें उन्होंने प्रैक्टिस और श्रोताओं को बांधे रखने के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि कुछ बोलने से पहले तय कर लें कि आपको किससे संवाद करना है। शुरुआत से ही आपको अपने श्रोताओं को बांधकर रखना है। यही एक अच्छे प्रवक्ता की पहचान है। बोलने की लगातार प्रैक्टिस ही आपको अच्छा स्पीकर बनाती है।

**कार्यालय रा.नि.मं. रायपुर-08, तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 01.08.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिला जौ. महेश निवासी विदिशा म.प्र. द्वारा आवेदित ग्राम शंकरनगर प.ह.नं. 63 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-08 (शंकरनगर) स्थित भूमि खसरा नंबर 1185/1/ड./10, (1185/1च10) रकबा क्रमशः 0.1460 हे. भूमि का बटांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 01.08.2024 के परिपालन में दिनांक 06.08.2024 को समय अपरान्ह 12 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त बटांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त बटांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 63 के खम्हारडीह स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं.-रायपुर-08 (शंकरनगर)**

**"उद्घोषणा"**

क्रमांक 10765/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024

रायपुर, दिनांक 23/07/2024

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजनांतर्गत श्रीमती पूजा पाण्डेय पति श्री मनीष शर्मा को पुनर्गठित विकसित भूखण्ड क्रमांक बी-100 रकबा 86.25 वर्गमीटर सेक्टर 02 में आबंटित हैं। श्रीमती आकांक्षा जैन पति श्री राहुल जैन निवासी मकान नं. 392, प्रियदर्शीनीनगर, हनुमान मंदिर के पास, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 26.04.2022 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नही होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राहय नही होगा।

दिनांक .... को जारी।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**उप तहसील खोरपा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम कोलर प.ह.नं. 10
रा.प्र. क्र. 202407116300012/अ-74
वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लीलाराम साहू पिता श्री कार्तिक राम साहू निवासी ग्राम कोलर उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम कोलर प.ह.नं. 10 रा.नि.म. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. स्थित ख.नं. 156/71 रकबा 0.4050 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का नक्शा बटांकित नहीं है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का नक्शा बटांकन किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था/ समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 08/08/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।


मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 22/07/2024 को जारी किया गया।

(मुहर)

**अति. तहसीलदार**
**उप तहसील खोरपा**































## खबर संक्षेप



### विजय बक्षी सहकारी साख समिति के अध्यक्ष मनोनीत

रायपुर। एसबीआई कर्मचारी सहकारी साख समिति मर्यादित भोपाल वृत्त के पदाधिकारियों का मनोनयन हुआ। जिसमें विजय बक्षी अध्यक्ष, प्रवीण मेघानी सचिव एवं पंकज ठाकुर व कमल जोशी उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत हुए।साख समिति भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों हेतु सन 1977 से कार्यशील है। इसका कार्यक्षेत्र मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ का है। शनिवार को आंचलिक कार्यालय बैरन बाजार में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है।

### पं. रविशंकर शुक्ल की जयंती पर किया नमन



रायपुर। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा शुक्रवार को आशीर्वाद भवन बैरन बाजार में अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल की जयंती मनाई गई। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भवन में स्थापित पं. शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्मरण एवं नमन किया। इसके पश्चात पं. शुक्ल की जीवनी एवं कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल, उपाध्यक्ष निशा अवस्थी, सहसचिव रज्जन अग्निहोत्री, सहसचिव गौरव शुक्ल, अर्चना त्रिवेदी, प्रकाश अवस्थी, आरके दीक्षित, साजेंद्र पाण्डेय, देवेंद्र पाठक (गुड्डु), विजय शुक्ल, इंद्रकुमार तिवारी, शिरीष त्रिवेदी, विमल शुक्ल, समीर मिश्र, एसएस त्रिवेदी, रविंद्र शुक्ल, शशांक त्रिवेदी, शाहिबा खान आदि उपस्थित रहे।

# नशे की लत वाले असहाय बच्चों का भी होगा रेस्क्यू, बनेगी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बच्चों में नशे की लत तेजी से बढ़ रही है। इसे रोकने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार जागरूकता अभियान भी चला रहा है, लेकिन इस अभियान का असर असहाय बच्चों पर कम देखा जा रहा है। शहर में ऐसे अनेक स्थान हैं, जहां आम परिवारों के बच्चों से लेकर असहाय बच्चे विभिन्न प्रकार का नशा करते हैं। कई बच्चे तो नशे की लत में अपराधिक वारदातों को भी अंजाम देने लगे हैं। इसके कारण इन बच्चों का भविष्य अंधकार में जाता दिखाई दे रहा है। प्रशासन ने ऐसे ही बच्चों की सुध लेने के साथ उनका भविष्य संवारने के लिए अब एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को जिम्मेदारी दी गई है, जो एक विशेष टीम गठित कर ऐसे बच्चों का रेस्क्यू अभियान चलाएगी। इस टीम में विभागीय अधिकारियों के साथ पोलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कुछ विभागों के अधिकारियों को शामिल किया जाएगा।

**रेस्क्यू वाले बच्चों को पुनर्वास व नशा मुक्ति केंद्र में रखा जाएगा :** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत अब तक अनाथ, भिक्षावृत्ति तथा घुमंतू सामान्य बच्चों को ही रेस्क्यू किया जाता था, लेकिन प्रशासन ने अब विभाग को असहाय नशा करने वाले बच्चों को भी रेस्क्यू करने का निर्देश दिया है। इसके लिए विभाग को एक टीम गठित करने का निर्देश दिया है, जो जिले में चिन्हांकित नशा करने वाली जगहों पर अभियान चलाकर असहाय बच्चों को रेस्क्यू करेगी। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रेस्क्यू करने के बाद नशे के आदी हो चुके बच्चों को नशा मुक्ति केंद्र शंकरनगर के अलावा पुनर्वास केंद्र में रखा जाएगा, जहां बच्चों को नशे की लत छुड़ाने, भरण-पोषण के साथ स्कूल भेजकर उन्हें शिक्षित बनाया जाएगा, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके।

## महिला एवं बाल विकास विभाग एक युद्ध नशे के विरुद्ध चलाएगा अभियान

### चिन्हांकित किए गए स्थान

महिला एवं बाल विकास विभाग एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत असहाय बच्चों का रेस्क्यू अभियान चलाएगा। इस अभियान के तहत विभाग ने करीब 30 स्थानों को चिन्हांकित किया है, जहां रेस्क्यू अभियान चलाया जाएगा। इसमें गुढ़ियारी, रामनगर, कमल विहार, ट्रांसपोर्ट नगर टाटीबंध, भाठागांव, न्यू बस स्टैंड, वासुदेवपारा, नहरपारा, शंकर नगर, पंडरी, मरीन ड्राइव, तेलीबांधा, कुकुर बेड़ा, आमानाका, कबीर नगर, संतोषी नगर, सुंदर नगर, गोल बाजार, जय स्तंभ चौक, शास्त्री मार्केट, कोटा, खालपारा, पचपेड़ी नाका, सरोना, औद्योगिक क्षेत्र धरसींवा के अलावा अभनपुर, तिल्दा नेवरा एवं आरंग बस क्षेत्र के बस स्टैंड भी शामिल किए गए हैं।



**कलेक्टर दे चुके हैं निर्देश :** एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान को लेकर कलेक्टर गौरव सिंह ने हालही में बैठक ली थी। इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों को बच्चों को नशे से सेवन से बचाने के लिए कारगर कदम गंभीरता के साथ उठाने के निर्देश दिए थे।

### जल्द गठित करेंगे टीम

प्रशासन के निर्देश पर एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए टीम गठित की जाएगी जो विभिन्न चिन्हांकित किए गए स्थानों पर रेस्क्यू अभियान चलाकर असहाय नशे के आदी बच्चों का रेस्क्यू कर उन्हें नशा मुक्ति केंद्र व पुर्नवास केंद्रों में रखा जाएगा।

**- निशा मिश्रा,** जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास

# जनसमस्या निवारण शिविर में बांटी व्हीलचेयर, व्यक्तिगत-समूह ऋण भी

**सातवें दिन शहर के 9 वार्डों में जनसमस्या निवारण शिविर लगाए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जनसमस्या निवारण पखवाड़ा अंतर्गत राजधानी रायपुर में शुक्रवार को 9 वार्डों में शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में आय प्रमाण पत्र, श्रमिक पंजीयन, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड बनाने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने वालों का मौके पर कार्ड बनाकर समस्या का निराकरण गया। शिविर में व्हील चेयर की मांग के साथ व्यक्तिगत और समूह ऋण का आवेदन लेकर भी लोग पहुंचे थे, जिनकी समस्या का भी मौके पर निराकरण किया गया। एक दिव्यांग को व्हील चेयर उपलब्ध कराई गई, वहीं एक स्वसहायता समूह को 2 लाख रुपए और दो लोगों को 20 एवं 10 हजार रुपए का व्यक्तिगत ऋण भी दिया गया।

**शिविर में अटके काम होने लगे :** जनसमस्या निवारण शिविरों में लोगों के अटके काम होने लगे हैं। 9 वार्डों में लगाए गए शिविर के दौरान 57 पात्र लोगों को मौके पर राशन कार्ड बनाकर दिए गए। इसी प्रकार 405 आय प्रमाण पत्र, 20 लोगों को आधार कार्ड, 227 लोगों को आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा योजना कार्ड बनाकर बांटे गए। इसके अलावा श्रम विभाग में पंजीयन नहीं हो रहे 51 श्रमिकों का पंजीयन भी किया गया।





### इन्हें मिला व्हील चेयर व ऋण

भक्त माता कर्मा वार्ड के चंगोरा भाठा पवार समाज सामुदायिक भवन में लगाए गए शिविर में चंगोराभाठा निवासी श्रमिक रणजीत देवांगन अपनी पत्नि व 10 वर्षीय दिव्यांग पुत्र दक्ष को लेकर पहुंचे। उन्होंने समाज कल्याण विभाग के स्टॉल में दिव्यांग पुत्र के लिए व्हील चेयर के लिए आवेदन दिया। इस आवेदन पर शत प्रतिशत दिव्यांग दक्ष को तत्काल व्हील चेयर प्रदाय की गई। इसी प्रकार डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड-64 के वीरभद्र नगर सामुदायिक भवन में लगाए गए शिविर में एनयूएलएम के स्टॉल से आवेदन करते ही जीवन ज्योति महिला स्वसहायता समूहो को 3 लाख रुपए का समूह ऋण दिया गया। इस दौरान उषा वासनिक को 20 हजार और प्रीति कुमार को 10 हजार रुपए का व्यक्तिगत ऋण भी दिया गया।

### 2299 आवेदनों में 1881 निराकृत

9 वार्डों में लगाये गये शिविर में कुल 2299 आवेदनों आए थे। इनमें से 1881 आवेदनों का शिविर स्थल पर ही निराकरण किया। शेष 418 आवेदनों को निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं।

### शिविर में विधायक, आयुक्त सहित कई अधिकारी शामिल हुए

जनसमस्या निराकरण शिविर में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जोन क्षेत्र के कमिश्नरों के अलावा कार्यपालन अभियंता सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### इन वार्डों में लगे शिविर

जोन-1 में वीर शिवाजी वार्ड खमतराई पानी टंकी परिसर कार्यालय, जोन 2 में शहीद हेमूकालाणी वार्ड के नेहरू सांस्कृतिक भवन सेक्टर 1 देवेन्द्र नगर, जोन 3 में गुरु गोविंद सिंह वार्ड के काली नगर में स्थित सामुदायिक भवन, जोन 4 में डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड के वीरभद्र नगर सामुदायिक भवन, जोन 5 में भक्त माता कर्मा वार्ड के पवार समाज सामुदायिक भवन चंगोराभाठा, जोन 7 में शहीद चूड़ामणी नायक वार्ड के पार्षद कार्यालय रावण पट्टी के पास, जोन 9 में महर्षि वाल्मिकी वार्ड कार्यालय, जोन 10 में कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड के सामुदायिक भवन नवरंग चौक बोरियाखुद में शिविर लगाया गया।

### आज यहां लगेंगे शिविर

आज 3 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक जोन 1 में संत कबीर दास वार्ड के गोगांव स्कूल, जोन 6 में शहीद पंकज विक्रम वार्ड के संजय यादव स्कूल टिकरापारा, जोन 7 में पंडित ईश्वरीचरण शुक्ल वार्ड के कुकुरबेड़ा सामुदायिक भवन के पास, जोन 8 में रामकृष्ण परमहंस वार्ड के मंगल भवन कोटा, जोन 10 में रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड के पटेल चौक लालपुर के पास शिविर लगाए जाएंगे।

## राशनकार्ड, नल कनेक्शन-निर्माण कराने जनसमस्या पखवाड़े में आवेदन लेकर पहुंचे लोग



रायपुर। सरकार के आदेश पर जारी जन समस्या निवारण पखवाड़े की कड़ी में बिरगांव निगम के रावांभाठा वार्ड में सुबह से लेकर दोपहर तक लोगों की भीड़ रही। इसे देखते हुए निगम के नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू सहित तीन वार्डों के प्रतिनिधियों के साथ मौके पर लोगों को सहयोग के लिए पहुंचे। गायत्री मंदिर मानस चौक स्कूल के पास सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जन समस्या के लिए आवेदन लेकर पहुंचने वाले लोगों में सबसे ज्यादा भीड़ राशन कार्ड, नल कनेक्शन, जल प्रदाय के साथ विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए लोगों ने आवेदन दिया। निगम की नोडल अधिकारी श्वेता आम्बिलकर के साथ केवल चंद साहू, उप अभियंता, अंचल दीवान और अमन चन्द्राकर ने लोगों से आवेदन लेने के बाद निकारण की प्रक्रिया में शामिल किया। इसमें राशन कार्ड की समस्या लेकर 38 लोग पहुंचे, पेयजल की समस्या बताते हुए 12 लोगों ने अधिकारियों को आवेदन थमाया। राजस्व से जुड़े 12 मामले भी लोग लेकर अधिकारियों के दरबार में पहुंचे। इस तरह के आवेदनों की तादाद 94 रही, लेकिन निराकरण सिर्फ 06 का ही किया गया। वहीं अन्य विभाग की समस्याओं में श्रमिक कार्ड के लिए आवेदन देने 07 लोग तो आधार कार्ड की समस्या का निराकरण कराने के लिए 20 आवेदन लोगों ने दिए।

- रावांभाठा में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक उमड़ी भीड़

## रिमझिम बारिश के साथ बीता महीना इस बार 378 मिमी. तक बरसे बादल

रायपुर। जुलाई का महीना इस बार रायपुर जिले में रिमझिम बारिश के साथ बीता और आंकड़ा 378 मिमी. के साथ सामान्य स्थिति तक पहुंच गया है। जिले में पिछली बार इस महीने में झमाझम बारिश हुई थी और आंकड़ा 566 मिमी. तक पहुंच गया था। पिछली बार की तरह इस बार भी अगस्त की शुरुआत सामान्य रहने का अनुमान है। शहर में पिछले चौबीस घंटे से बारिश की गतिविधि चल रही है मगर यहां बूंदाबांदी में ही सिमटा हुआ है। आने वाले दिनों में भी स्थिति इसी तरह की बनी रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के आंकड़ों के अनुसार रायपुर जिले में 30 जून तक केवल 125 मिमी. बारिश दर्ज हुई थी इसके बाद जुलाई की शुरुआत मानसून की सक्रियता के साथ हुआ और समय-समय पर पानी बरसता रहा। यहां सावन की शुरुआत के साथ झड़ी लगी और कई बार जोरदार बारिश हुई।

## अनुशंसा के बावजूद रेडिएशन भत्ता नहीं मिल रहा, स्वास्थ्य मंत्री से हस्तक्षेप की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेडिएशन विशेषज्ञों द्वारा जोखिम के आधार पर दस प्रतिशत भत्ता देने की सिफारिश के बाद भी विभागीय अधिकारी इसे लागू नहीं कर रहे हैं। रेडियोग्राफर संघ ने स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर इस मामले में हस्तक्षेप कर अधिकारियों को निर्देशित करने की गुहार लगाई है।

प्रदेश रेडियोग्राफर संघ के अध्यक्ष संतोष देवागंन ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को ज्ञापन सौंपकर इस पर संज्ञान लेने की मांग की है। उन्होंने बताया कि काफी समय पहले इस मामले में आंबेडकर अस्पताल रेडियोलॉजी से जुड़े तीन डाक्टरों की कमेटी बनाकर उनकी मांगों पर विचार करने के निर्देश दिए थे। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी, जिसमें इस बात का जिक्र किया गया था कि मरीजों की जांच मशीन में काम करने वाले काफी जोखिम उठाते हैं। लगातार रेडिएशन के संपर्क में आने से उन्हें कई तरह की बीमारी होने का खतरा रहता है। इसे ध्यान में रखते हुए उन्हें वेतन का दस प्रतिशत जोखिम भत्ता दिए जाने की सिफारिश की गई थी। कमेटी की अनुशंसा को अब तक लागू नहीं की गई है। इसके साथ प्रत्येक विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रेडियोग्राफर के एक पद स्वीकृत है। इसकी वजह से संबंधित कर्मचारी को अवकाश लेने में भी परेशानी उठानी पड़ती है और विभाग में तालाबंदी की स्थिति बन जाती है।

- रेडिएशन विशेषज्ञों की कमेटी कर चुकी 10 फीसदी भत्ते की सिफारिश




### सेवानिवृत्त अफसरों की संविदा नियुक्ति पर रोक, फैसले का किया स्वागत

रायपुर। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ ने राज्य शासन द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों की संविदा नियुक्ति पर रोक लगाने के फैसले का स्वागत किया है। संघ के प्रांताध्यक्ष अनिल सिन्हा ने विज्ञप्ति के माध्यम से शासन का आभार जताते हुए कहा है कि इस संबंध में छग पिछड़ा वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ द्वारा लंबे समय से यह मांग की जा रही थी।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट
■ बोटाक्स-फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
Care With Confidence
ट्रॉमा केयर यूनिट
पॉली ट्रॉमा
मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
हड्डियों से मवाद रिसना
ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

स्वामी जी
93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
12 सितंबर 2024
16 अक्टूबर 2024
13 नवंबर 2024
04 दिसंबर 2024
19 दिसंबर 2024
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
05 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024, 09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024
14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024
राशिः-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

सेलगढ़
मानसून स्पेशल ऑफर
मैन रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर
नित नई व्हेरायटी एवं नये ऑफर्स के साथ पारिवारिक वस्त्रों की खरीदी का आनंद लीजिये
मेन्स शर्ट ₹175 से प्रारंभ
मेन्स टीशर्ट ₹125 से प्रारंभ
मेन्स जीन्स ₹499 से प्रारंभ
गर्ल्स जीन्स ₹250 से प्रारंभ
फैंसी कुर्ती ₹165 से प्रारंभ
गर्ल्स टॉप ₹99 से प्रारंभ
पैरदान ₹33 से प्रारंभ
बेडशीट ₹165 से प्रारंभ
फैंसी पर्दे ₹199 से प्रारंभ
स्पेशल ऑफर
ऑनलाईन स्पेशल फैंसी 3डी प्रिंट डबलबेड बेडशीट सेट 1+2 ₹129
प्रति ग्राहक अधिकतम 3 सेट
प्रति सेट
बाजार मूल्य ₹49 प्रति पीस वाला कारपेट प्रिंट फैंसी पैरदान ₹20 प्रति पीस
प्रति ग्राहक अधिकतम 5 पीस
*condition apply
ऑफर स्टॉक रहने तक...
सुमीत सेलगढ़
हरिभूमि प्रेस के आगे, पुजारी पार्क के सामने
मैन रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर
ऑफर आज व कल